
हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 12 जुलाई 2026






## खबर संक्षेप

### शहीदों के लिए आज श्रद्धांजलि सभा

**राजनांदगांव।** मानपुर क्षेत्र के ग्राम कोरकोट्टी में नक्सलियों से लोहा लेते तत्कालीन एसपी व्हीके चौबे सहित 29 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शहीद हो गए थे। जिनकी शहादत को नमन करने के लिए आज सुबह 9 बजे रक्षित आरक्षी केन्द्र के मंगल भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। ज्ञात हो कि 12 जुलाई 2009 को अविभाजित राजनांदगांव के थाना मानपुर के ग्राम कोरकोट्टी में नक्सलियों से जांबाजी के साथ लोहा लेते तत्कालीन एसपी व्हीके चौबे एवं 29 पुलिस अधिकारी जवान शहीद हो गए थे। इन वीर शहीदों की शहादत को नमन करने कल 12 जुलाई को सुबह 9 बजे रक्षित आरक्षी केन्द्र के मंगल भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है।श्रद्धांजलि सभा में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जवान, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक वीर शहीदों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

## डोंगरगढ़ में हादसा : बाइपास निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन

# हादसे में मौत के बाद दिखा आक्रोश सड़क पर शव रख किया चक्काजाम

## डोंगरगढ़ में तेज रफ्तार हाइवा ने 12 साल के मासूम को कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ के अंडरब्रिज के पास शुक्रवार देर शाम तेज रफ्तार हाइवा ने 12 वर्षीय मासूम को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही पूरे शहर में शोक के साथ आक्रोश की लहर दौड़ गई। शनिवार सुबह बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक संगठन और मृतक के परिजन डोंगरगढ़ थाना पहुंचे। गुस्साए लोगों ने शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि शहर के भीतर लगातार भारी वाहनों की आवाजाही जानलेवा साबित हो रही है। वर्षों से बाइपास सड़क बनाने और शहर में हाइवा जैसे भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की सुस्ती के कारण एक के बाद एक हादसे हो रहे हैं। लोगों ने मृतक परिवार को आर्थिक सहायता, दोषियों पर कठोर कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए स्थायी व्यवस्था की मांग की।



### तेज रफ्तार पर लगे अंकुश

*इस घटना के बाद शहरवासियों में आक्रोश है और उन्होंने यातायात व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। लोगों ने अंडरब्रिज और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर, सीसीटीवी कैमरे, गति सीमा के बोर्ड और यातायात पुलिस की नियमित तैनाती की मांग की है। साथ ही तेज रफ्तार, नाबालिग वाहन चालकों और यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई है। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि शहर के भीतर लगातार भारी वाहनों की आवाजाही जानलेवा साबित हो रही है। वर्षों से बाईपास सड़क बनाने और शहर में हाइवा जैसे भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की जा रही है।*

### वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग

*चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने भी प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मृतक के परिजनों को नियमानुसार मुआवजा दिलाया जाएगा। हाइवा चालक और वाहन मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी, बाइपास निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी और शहर के भीतर भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।*

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

*डोंगरगढ़ में प्रदर्शन कर रहे लोग प्रशासन के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया, लेकिन लोगों का गुस्सा अभी शांत नहीं हुआ है। चक्काजाम में शामिल लोगों का कहना है कि अगर इस हादसे के बाद भी बाइपास निर्माण और भारी वाहनों पर रोक को लेकर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में आंदोलन और व्यापक होगा। फिलहाल पूरा शहर यही सवाल पूछ रहा है कि आखिर एक और मासूम की जान जाने के बाद क्या अब व्यवस्था जागेगी।*

**सड़क हादसे में रोकथाम जरूरी :** अविभाजित राजनांदगांव में यह पहला मामला नहीं है, जब तेज रफ्तार के चलते मासूम की जान गई हो। इससे पहले भी कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, ऐसे में जरूरी है कि यातयात विभाग को नेश्नल हाईवे सहित अन्य सड़कों पर भारी वाहनों की रफ्तार पर काबू किया जाए।

## गांजा बिक्री का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान




अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 114 ग्राम गांजा जब्त कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 10 जुलाई को थाना छुईखदान पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खैरी निवासी भारत मरकाम उर्फ नंदू अवैध रूप से गांजा रखकर गांव में घूम-घूमकर लोगों को बिक्री कर अवैध लाभ अर्जित कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम खैरी स्थित मेन रोड किनारे कचरा शेड के पास घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर उपजेल सलोनी भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में थाना छुईखदान पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

***नगदी रकम की जब्त:*** *कार्रवाई के दौरान आरोपी भारत मरकाम उर्फ नंदू 50 वर्ष के कब्जे से एक क्रीम रंग के कपड़े के थैले में रखा 114 ग्राम अवैध गांजा कीमत लगभग 2,800 रुपए तथा गांजा बिक्री से प्राप्त 350 रुपए नगद बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर थाना छुईखदान में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।*






## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष चुने गए एलेन्द्र त्रिपाठी



**खड़गांव।** स्थानीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्राचार्य, शिक्षकों एवं पालकों की उपस्थिति में शाला प्रबंधन समिति गठन किया गया। गठन के पूर्व जारी निर्देश से अवगत कराया गया। उपस्थित पालकों ने एलेंद्र त्रिपाठी को अध्यक्ष एवं निलिमा जैन को उपाध्यक्ष के लिए चयन किया। प्राचार्य खेमलता दास ने चयनित पदाकारियो एवं सदस्यों बधाइयां दी। इस मौके पर जनपद सदस्य साहिदा खान, राजाराम मरापी, तोमन साहू, गजराज धुर्वे, फकीर साय नेताम, दुर्गा गुप्ता आदि उपस्थित थे। जनपद सदस्य साहिदा खान ने शौचालय निर्माण के लिए दो लाख देने की घोषणा की।

### पालकों ने अध्यक्ष चुना अनिल को



**मोहला।** स्थानीय पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शनिवार को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। समिति की कार्यकारिणी में अध्यक्ष अनिल गुप्ता, उपाध्यक्ष कर्णिका उपाध्याय, सचिव प्राचार्य सीमा वर्मा, सदस्य नूर बेग, संगीता साहू, प्रमिला मेश्राम, गजेन्द्र पुरामे, गुरुदयाल साहू, सुदर्शन खिलवारे, भोजेश्वरी ठाकुर, पूजा नागराज, सुरजीतसिंह ठाकुर, देवप्रसाद नेताम, रेखा कुंजाम, संतोषी निषाद, दिलीप निर्मलकर एवं उषा नागराज है।

### नागरिकों ने लगाए पौधे



**डोंगरगढ़।** वार्ड 17 में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण किया गया। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पार्षद रेखा राघोर्ते, विनय बंसल, अर्चलासिंग, जैन साहू, सुमित ताम्रकार, विनित यादव, गिरीश साहू, शिवांगी साखरे, बबिता साहू, राजेश कंडरा सहित अन्य शामिल हुए।

### नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत



**डोंगरगढ़।** सेंट विंसेंट पल्लोटी इंटरनेशनल रेसिडेंशियल स्कूल में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 नए विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के डायरेक्टर फादर मुक्ति प्रकाश किस्पोट्टा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने प्रेरित किया। प्राचार्य फादर अमित तिग्गा ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से परिचित कराया। हॉस्टल एडमिनिस्ट्रेटर फादर रवि कोंडोलना ने छात्रावास की व्यवस्थाओं एवं अनुशासित जीवनशैली की जानकारी देते हुए उन्हें परिवार जैसा वातावरण प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य, समूह गान एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

### गोपाल नरेडी बने गौशाला कमेटी के अध्यक्ष




**डोंगरगढ़।** श्रीकृष्ण गोशाला परिसर में गत दिनों बैठक का आयोजन अध्यक्ष सिद्धगोपाल नरेड़ी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में सिद्ध गोपाल नरेड़ी को अध्यक्ष, अजय अग्रवाल को कार्यकारी अध्यक्ष, राजेश अग्रवाल एवं आनंद अग्रवाल को उपाध्यक्ष, विशाल अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, प्रणय अग्रवाल को मंत्री तथा गोवर्धन अग्रवाल को सहमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गौतम चोपड़ा, अभिषेक अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, नवदीप अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, गणेश नरेड़ी, अनुराग अग्रवाल एवं मनमोहन अग्रवाल को शामिल किया गया।

### अशोक साहू बने जिला इकाई के कोषाध्यक्ष



**डोंगरगढ़।** जिला साहू संघ एवं छात्रावास समिति की बैठक में सर्वसम्मति से अशोक कुमार साहू को जिला साहू संघ का कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्री साहू इससे पहले तहसील अध्यक्ष तथा जिला उपाध्यक्ष के पद का निर्वहन कर चुके हैं। नवनियुक्त कोषाध्यक्ष अशोक साहू ने पदभार ग्रहण करते हुए समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। पदभार ग्रहण करने के दौरान मोतीलाल साहू, घम्मन साहू, भगवत साहू, गणेश साहू, महेन्द्र मोहन साहू, अशोक साहू, गंगाधर साहू, हरीलाल, गोविंद साहू, देवराम साहू, शिवकुमार साहू, हेमंत साहू, विजय साहू, ज्ञानचंद साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### स्कूल परिसर में पौधरोपण



**डोंगरगढ़।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत गत दिनों हाईस्कूल एवं मिडिल स्कूल बाघनदी परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच सुरेश सहारे, अरूण कुंभकार, विकास साहू के अलावा प्राचार्य, प्रधानपाठक एवं शिक्षकों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी अनुराग वर्मा, वनपाल ज्ञानेश्वर वैष्णव, गोविंदराम कोर्राम, मिथलेश साहू आदि उपस्थित थे।

## निधन

### लेखनारायण टांडेकर



**छुईखदान।** जिला कांग्रेस आईटी सेल के अध्यक्ष लेखनारायण टांडेकर का 39 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। श्री टांडेकर लंबे समय से आईटी सेल अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे थे। जिला इंका ने शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला इंका अध्यक्ष कोमल साहू, गिरिराज किशोर दास, सज्जाक खान, रामकुमार पटेल, विधायक यशोदा वर्मा ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

---

### ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए की शिकायत

# आवास की सर्वे सूची से गरीब बाहर, संपन्नों के नाम शामिल

## पंचायत मुख्यालय की हो रही अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत रीवागहन के पंचों और ग्रामीणों ने रोजगार सहायक एवं सरपंच पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत, सीईओ जनपद पंचायत से शिकायत कर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम पंचायत रीवागहन के पंच राजेन्द्र वर्मा, अनिताबाई, ललेश्वरी वर्मा, प्रकाश वर्मा, नारद, राजेश वर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि पंचायत का आश्रित ग्राम कातलवाही है। वर्तमान सरपंच यहां का निवासी है। इसके पूर्व कार्यकाल में भी सरपंच कातलवाही का ही होने से रीवागहन के साथ उपेक्षा की गई है। उन्होंने बताया कि पीएम आवास 2.0 की सर्वे सूची में कातलवाही से 127 हितग्राहियों के नाम है तो रीवागहन के मात्र 31 हितग्राहियों का नाम आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पात्र हितग्राहियों का नाम काटकर संपन्न अपात्र हितग्राहियों का नाम सर्वे सूची में शामिल किया गया है।



### पक्का मकान फिर भी आवास

*ग्राम के ओमप्रकाश, कृष्णाराम, धनसिंग, धीरज वर्मा, सरस्वती वर्मा, संतोष वर्मा देवचरण, सुमित्रा, युगलराम, योगेश्वरी वर्मा ने बताया कि धीरपाल वर्मा के पास 4 रूम वाला पक्का मकान होने के बाद भी उसकी पत्नी संगीता वर्मा के नाम से पीएम आवास स्वीकृत हुआ। इसके अलावा श्रवण वर्मा, बलवन वर्मा दोनों रोजगार सहायक के चाचा एवं भुनेश्वर वर्मा रोजगार सहायक के पिता का नाम पीएम आवास की सर्वे सूची में शामिल किया गया है।*

**जांच दल का गठन**

जनपद पंचायत की सीईओ भगवती साहू ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है। जांच के लिए 5 सदस्यीय टीम का गठन कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### पशु शेड में ही आवास निर्माण

*ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में पशु शेड निर्माण कराया गया था। पशु शेड के ऊपर पीएम आवास बनाया गया है जबकि गांव में लगभग 70 जरूरत मंद परिवार के पास पक्का मकान नहीं है। बारिश के दिनों में इन परिवारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आवास हितग्राहियों की सूची में सरकारी नौकरी, ट्रैक्टर और 5 से 7 एकड़ जमीन के मालिकों के नाम शामिल किया गया है।*

### फर्जी हाजिरी भरने की शिकायत

*बिरझूराम वर्मा, दिलीप कुमार, राजेश्वरी, झम्मन बाई, सुशीला वर्मा, कुंती बाई, मीनाबाई, गेमिन वर्मा, तुलसीराम, छन्नूलाल वर्मा, योगेश्वरी, सूरतिया, गोयत्री बाई सहित अन्य ने बताया कि वर्ष 2023-24 में राजेश वर्मा पिता स्व बाबूराम वर्मा के काम नहीं करने के बाद भी फर्जी हाजिरी भरकर राशि का आहरण किया गया था। इस मामले की शिकायत तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी से की गई थी लेकिन जांच और कार्रवाई नहीं किया गया।*

---

# विधायक और ब्लाक अध्यक्ष के बीच तकरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

जिला इंका की मासिक बैठक में विधायक तथा ब्लॉक इंका अध्यक्ष आमने सामने आ गए। विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि मैं तुमको कल भी नहीं मानता था और आज भी अध्यक्ष नहीं मानता जिसके बाद हंगामें की स्थिति निर्मित हो गई। इंका जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने विवाद गहराने के पहले जैसे तैसे शांत कराया।

जिला इंका की बैठक साहू धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधकारी, विधायक, पूर्व विधायक सहित अन्य शामिल हुए। बैठक में ब्लॉक इंका अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू ने विधायक के दौरे की जानकारी नहीं मिलने, कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की पूछ परख नहीं होने की शिकायत की। शिकायत के संबंध में जब कांग्रेस महामंत्री पंकज बांधव ने विधायक भोलाराम साहू से चर्चा की गई तो वह तमतमा गए और उन्होंने कहा कि यह शिकायत किसने की है। बांधव ने बताया कि धर्मेन्द्र साहू ने शिकायत की थी। जिसके बाद विधायक एवं ब्लॉक अध्यक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप होने लगा। पदाधिकारियों के समक्ष विधायक ने साफ शब्दों में कहा कि ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू को मैं अध्यक्ष नहीं मानता।

### जिला अध्यक्ष ने कराया विवाद शांत

बैठक में हंगामा बढ़ता देख कांग्रेस जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने दोनों पक्षों को समझाईश देते हुए विवाद शांत कराया। बैठक में पूर्व विधायक छन्नी साहू, पंकज बांधव, चुम्मन साहू, राहुल तिवारी, जितेन्द्रसिंह भाटिया, यातिन खान, अमित उइके, राजूसिंह राजपूत, बलीराम साहू, सीमा यादव, राजकुमारी सिन्हा, धर्मेन्द्र साहू, प्रदीप पटेल सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सुलझ गया मामला

विवाद जैसी कोई बात नहीं थी। दोनों के बीच सुलह कराकर मामला शांत करा दिया गया है।

- **विपिन यादव,** इंका जिला अध्यक्ष

---

### एनएसडी के लिए दीक्षा चयनित

**डोंगरगढ़।** नगर के अग्रवाल परिवार की बेटी दीक्षा अग्रवाल राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय वाराणसी में कला का ज्ञान अर्जित करेगी। छात्र जीवन से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दीक्षा ने खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण की। अपने सपनों को साकार करने के लिए दीक्षा दिल्ली रवाना हो गई, जहां उसने पढ़ाई के साथ रंगकर्मी के रूप में पहचान बनाई। प्रथम प्रयास में ही उसे राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय एनएसडी वाराणसी केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला। दीक्षा अग्रवाल का राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय वाराणसी में चयन होने पर कला एवं रंगमंच से जुड़े लोगों ने बधाई दी है। गोपाल अग्रवाल एवं ममता अग्रवाल की पुत्री दीक्षा अग्रवाल ने परिजनों के सहयोग एवं अपनी मेहनत से यह कामयाबी हासिल किया है।

### चिरचारीकला के सेवानिवृत्त शिक्षकों को भावभीनी विदाई



**छुरिया।** चिरचारीकला हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रभारी प्राचार्य एमबी उर्वशा एवं व्याख्याता अल्का मेहर के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक साहू ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि संस्कार, अनुशासन और जीवन मूल्यों का भी निर्माण करते हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रताप धावड़े, सरपंच भारती मंडावी, अंजनी शर्मा, दुरपत मंडले, प्रहलाद मिश्रा, मिलापदास साहू, भूषण वाडेकर, श्री सलामे, हिरालाल, अंजू शर्मा, पीएल नेताम, एमडी तामेश्वर, महेन्द्र मेश्राम, पुष्पा चुरेन्द्र, बीडी वाडेकर, दुर्गेश मालेकर, चतुर साहू, आबिद कुरैशी, दीपमाला साहू, शिवकुमार सोनी, प्रताप सिलाता, मानिकलाल देवांगन, जानकी साहू, पूना बंजारे सहित अन्य शामिल हुए।

---

# शाला समिति के अध्यक्ष बने नरेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

■ समिति में सभी वर्ग के लोग शामिल

संत कबीर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धौराभांठा में पालक सम्मेलन आयोजित कर विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से नरेंद्र कुमार साहू को अध्यक्ष एवं तान्या साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया है। गठन के पूर्व व्याख्याता पीआर पटेल ने पूर्व समिति के सदस्यों एवं शिक्षकों के सहयोग से तार फेंसिंग एवं प्रवेश द्वार निर्माण की जानकारी दी। प्राचार्य भूपेश साहू ने पालक, बालक और शिक्षकों के रिश्ते एवं दायित्वों को समझाते हुए समिति के बारे में बताया। समिति में सचिव भूपेश साहू, सदस्य रानी देशलहरे, सेवक बघेल, कुमार वर्मा, प्रेमलाल वर्मा, सरस्वती साहू, निर्मला कुशवाहा, बिसरू डहरे, संतोषी साहू, डामन साहू, बोधीराम साहू, दसोदाबाई देशलहरे, फुलेश्वरी साहू, पीआर पटेल, युगल किशोर रजक है। सुश्री मीनाक्षी देशलहरे, राजाराम देशलहरे, पीतांबर देशलहरे, हेमनदास साहू, ओमप्रकाश मुंजवा को संरक्षक के रूप में शामिल किया गया है। अंत में युगल किशोर रजक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# खेल सुविधाओं के विस्तार की पहल

## प्रतिनिधि मंडल मिला विस अध्यक्ष से

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर की खेल प्रतिभाओं को अपने हुनर को निखारने के लिए अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल रही है। नगर में खेल प्रशिक्षण केंद्र, इंडोर एवं आउटडोर खेल परिसर, रनिंग ट्रैक, जिम, उपकरण तथा प्रशिक्षकों का अभाव बना हुआ है। खेल के क्षेत्र में संभावनाओं को देखते हुए पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुलाकात कर खेल गतिविधियों, खिलाड़ियों की उपलब्धियों तथा उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया।

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि नगर के खिलाड़ी एथलेटिक्स, कराटे, जिजिसु, कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल सहित अन्य खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। कई खिलाडी राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर चुके हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद खिलाड़ियों का प्रदर्शन यह साबित करता है कि उन्हें आधुनिक सुविधाएं और बेहतर प्रशिक्षण मिले तो वह अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकते हैं। प्रतिनिधि मंडल ने आधुनिक खेल परिसर, बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम, सुसज्जित खेल मैदान, रनिंग ट्रैक, प्रशिक्षण केंद्र, प्रशिक्षकों की नियुक्ति तथा खेल सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया।



### भवन की मांग

*राजपूत समाज के प्रतिनिधियों ने समाजिक भवन निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग की मांग रखी जिस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए डॉ. सिंह ने भवन निर्माण के लिए 15 लाख उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, अमित जैन, विवेक मोनू भंडारी, राणा अजय सिंह आदि मौजूद थे।*

### पहल करने का आश्वासन

*डॉ. रमन सिंह ने प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि खेल प्रतिभाओं की उपलब्धियां गर्व का विषय हैं। उन्होंने माना कि खिलाड़ियों को बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध कराना आवश्यक है ताकि उनकी प्रतिभा को उचित मंच मिल सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि खेल सुविधाओं के विकास के संबंध में शीघ्र पत्राचार किया जाएगा।*

---

# कलेक्टर ने बुढ़ानभाट स्कूल का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने प्राथमिक शाला बूढ़ानभाट जंगल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, उपस्थिति एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने मध्याह्न भोजन योजना का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रसोईघर पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता, सफाई एवं भोजन तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने मेन्यू के अनुसार बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षाओं का अवलोकन कर विद्यार्थियों से सामान्य प्रश्न पूछे तथा उनकी शैक्षणिक प्रगति का आकलन किया। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों की बुनियादी शिक्षा, भाषा एवं गणितीय दक्षता को और बेहतर बनाने के लिए नियमित प्रयास करने के निर्देश दिए।


HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गोल्डन गर्ल गीतांजलि का सम्मान

**खड़गांव।** स्वर्ण पदक विजेता गीतांजलि चौधरी को श्रीफल और शाल भेंटकर सांसद संतोष पांडे ने सम्मानित किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने गीतांजलि को शानदार सफलता के लिए बधाई देते हुए सम्मानित किया। शुक्रवार को सांसद श्री पांडे ने विद्या श्री विजडम स्कूल पहुंच कर स्वर्ण पदक विजेता गीतांजलि चौधरी को सम्मानित किया। इस मौके पर श्री पांडे ने कहा कि गीतांजलि ने स्वर्ण पदक दिलाकर देश का नाम रौशन किया है। इस अवसर पर तोमन साहू, एलेन्द्र त्रिपाठी, बिट्टू गुप्ता, बब्बू गुप्ता, देव सलामे, लीला सूर्यवंशी आदि उपस्थित थे।

### सूर्यघर बिजली के लिए 19 ने कराया पंजीयन



**तुमड़ीबोड़।** ग्राम में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को लेकर जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 19 हितग्राहियों ने योजना का लाभ उठाने की मंशा जाहिर करते हुए पंजीयन कराया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अनिकेत साहू ने की। इस दौरान जनपद सीईओ रोशनी भगत टोप्पो ने योजना की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित कराने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यह योजना बिजली बिल में बचत के साथ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। विद्युत विभाग के जेई ने तकनीकी प्रक्रिया, आवेदन, स्थापना एवं अनुदान संबंधी जानकारी दी। एसडीएम श्री साहू ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। बैठक में तहसीलदार कमल किशोर साहू, सरपंच भुनेश्वरी साहू, वीरेन्द्र तिवारी, येवेन्द्र साहू, अमरोतन साहू, सतनाम सिंह, राजेश साहू, धरम जैन, पीताम्बर साहू, आशीष साहू, पुरुषोत्तम साहू सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान 19 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। अंत में सरपंच भुनेश्वरी साहू ने आभार व्यक्त किया।

सुनियोजित प्रयासों का सकारात्मक परिणाम

# 83.82% खाद बांटकर जिला प्रदेश में सबसे आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खरीफ वर्ष में किसानों को समय पर रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए किए गए सुनियोजित प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया जिला उर्वरक वितरण के मामले में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। 09 जुलाई 26 की स्थिति में जिले में कुल 21 हजार 452 टन रासायनिक खाद का भंडारण हुआ जिसमें से 17 हजार 980 टन खाद किसानों को वितरित हो गया है।

इस प्रकार जिले में 83.82 प्रतिशत उर्वरक वितरण दर्ज किया गया है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल द्वारा खरीफ सीजन को देखते हुए उर्वरक भंडारण और वितरण व्यवस्था की लगातार समीक्षा की जा रही है। उनके निर्देशन में कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक व सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से खाद की उपलब्धता, परिवहन और वितरण की नियमित मॉनिटरिंग की गई। यही कारण है कि जिले में किसानों को आवश्यकता के अनुरूप समय पर खाद उपलब्ध हो रहा है और वितरण व्यवस्था बिना किसी बाधा के संचालित हो रही है। कृषि विभाग अनुसार जिले की सभी सेवा सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का भंडारण सुनिश्चित किया गया है। वर्तमान में जिले के किसी भी क्षेत्र से खाद की कमी की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। किसानों को डीएपी, यूरिया सहित अन्य आवश्यक उर्वरक सुगमता से उपलब्ध करा मांग अनुरूप निरंतर आपूर्ति की जा रही है।

### 17980 टन खाद किसानों को वितरित



#### प्रतिदिन वितरण की समीक्षा

*नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक व सहकारिता विभाग ने बताया कि खरीफ सीजन की शुरुआत से ही समितियों में उर्वरकों का अग्रिम भंडारण कराया गया था। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में प्रतिदिन वितरण की समीक्षा की जा रही है। समितियों को आवश्यकतानुसार अतिरिक्त खाद भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग के अनुरूप खाद उपलब्ध कराने के लिए विभाग पूरी तरह सतर्क है। वहीं जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत सेवा सहकारी समितियों, लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही उर्वरक खरीदे और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल कृषि विभाग अथवा संबंधित समिति को अवगत कराएं।*

# डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में समग्र विकास कार्यों की रूपरेखा को मिली मंजूरी

- कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत स्थानीय क्षेत्रों के समग्र व सतत विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने की इस दौरान विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, सांसद प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल सहित शासी परिषद के सदस्य व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में डीएमएफ अंतर्गत वर्ष 26 से 31 तक पंचवर्षीय कार्य योजना सहित वर्ष 26-27 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुमोदन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 25-26 के कार्यालय व एजेंसियों के ऑडिट, प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित ग्रामों की सूची के अनुमोदन सहित वर्ष 24-25 और 25-26 के वार्षिक प्रतिवेदन पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिया गया। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि डीएमएफ निधि का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। उन्होंने जनभागीदारी, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ विकास कार्यों के क्रियांवयन पर बल देते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्राथमिकता आधारित कार्यों को शामिल करने की बात कही।

#### प्रमुख क्षेत्रों को विशेष प्राथमिकता

*कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बताया कि कार्ययोजना तैयार करते समय स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, महिला व बाल विकास, कृषि, जल संरक्षण, स्वच्छता, कौशल विकास और पर्यावरण संरक्षण जैसे प्रमुख क्षेत्रों को विशेष प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित ग्रामों के संतुलित विकास के लिए व्यापक रणनीति बनाई गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और लोगों को बेहतर जीवन सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। बैठक में सभी सदस्यों ने स्थानीय विकास को गति देने के लिए समन्वित प्रयासों पर सहमति व्यक्त की।*

### जन्मदिन की खुशियां बांटी वृद्धाश्रम में



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

वीई क्लब की सदस्य रोमा ने अपना जन्मदिन वृद्धाश्रम बछेरभाटा में निवासरत बुजुर्गों के साथ केक काटकर मनाया। इस अवसर पर वृद्धजनों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। समारोह के दौरान क्लब की ओर से बुजुर्गों को स्वादिष्ट भोजन एवं नाश्ता कराया गया। अंबेडकर आवासीय शाला के बच्चों को भी स्वल्पाहार कराया गया। इस अवसर पर वीई क्लब की माधुरी पंडा, अनुराधा द्विवेदी, भावना सिंह, नम्रता दम्मानी, ममता आदि मौजूद थी।

# डेंगू रोधी माह अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य शिक्षा व जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देश व कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल व सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में जुलाई डेंगू रोधी माह अंतर्गत डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण के लिए व्यापक सामुदायिक स्वास्थ्य शिक्षा सहित जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को डेंगू रोग के कारण, लक्षण, उपचार एवं बचाव के संबंध में जानकारी देकर डेंगू मुक्त वातावरण बनाने का संदेश दिया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि डेंगू वायरल रोग है, जो एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर ज्यादातर दिन के समय काटता है और रुके हुए पानी में पनपता है इसलिए घर व आसपास पानी जमा न होने देना, कूलर, गमले, टायर, पानी की टंकियों सहित अन्य जल संग्रहण स्थलों की नियमित सफाई करना और प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक दिन ड्राई डे मनाना आवश्यक है।

#### लक्षणों के बारे में दी गई जानकारी

*अभियान दौरान लोगों को डेंगू के प्रमुख लक्षणों जैसे तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द, त्वचा पर लाल चकते, मतली अथवा उल्टी तथा गंभीर स्थिति में रक्तस्राव के लक्षणों की जानकारी दी गई। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जांच एवं उपचार कराने की सलाह दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि डेंगू का कोई विशिष्ट एंटीवायरल उपचार उपलब्ध नहीं है। रोगी को चिकित्सक की सलाह अनुसार पैरासिटामोल का सेवन करना चाहिए, पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस व अन्य तरल पदार्थ लेना चाहिए। बिना चिकित्सीय सलाह के एस्पिरिन, आइबुप्रोफेन या डाईक्लोफेनाक जैसी दवाओं का सेवन नहीं करना चाहिए इससे रक्तस्राव का खतरा बढ़ सकता है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विवेक बिसेन के नेतृत्व में जिले मे स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला अन्य विभागों के समन्वय से व्यापक जनजागरूकता व प्रचार-प्रसार अभियान संचालित कर स्कूलों, छात्रावासों, घर-घर संपर्क, ग्राम सभाओं, स्वास्थ्य शिक्षा सत्रों, रैलियों, पोस्टर-बैनर व पम्पलेट वितरण कर आम नागरिकों को डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी दे रहा है।*

### किराये के मकान में चल रहा आंगनबाड़ी



**डोंगरगढ़।** टिकरापारा वार्ड 3 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र लगभग 15 सालों से किराए के मकान में चल रहा है। भवन की कमी के कारण यहां आने वाले बच्चों को पर्याप्त जगह, सुरक्षित वातावरण नहीं मिल रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भी सीमित संसाधनों के बीच कार्य करने मजबूर हैं। नागरिकों ने बताया कि आंगनबाड़ी भवन के लिए भूमि आबंटित करने के बाद भी भवन निर्माण शुरू नहीं हो सका। लोगों ने आगे बताया कि शासकीय भूमि पर लगातार कब्जा का अवैध प्लॉटिंग किया जा रहा है जिससे सार्वजनिक उपयोग के लिए भूमि का अभाव पैदा हो गया है। नागरिकों ने शीघ्र भवन निर्माण और अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

# 8.65 करोड़ रुपए की साइबर ठगी, फरार आरोपी गिरफ्तार

- घटना में प्रयुक्त मोबाइल सहित डिजिटल साक्ष्य बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समन्वय पोर्टल के माध्यम से मिली सूचना के आधार पर थाना खैरागढ़ में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 519/2025 ,धारा 317-2, 317-4, 318-4, 61-2 भारतीय न्याय संहिता और 66-डी आईटी एक्ट के तहत दर्ज प्रकरण की विवेचना दौरान फरार आरोपी राकेश कुमार साहू उर्फ राहुल साहू 30 साल, निवासी वार्ड क्रमांक 12, रामनगर मुक्तिधाम, सरस्वती चौक, सुपेला, थाना वैशाली नगर, जिला दुर्ग की तलाश की जा रही थी।

विवेचना दौरान आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार करने पर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, सिम कार्ड व अन्य महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य विधिवत जब्त किया गया। पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गौरतलब है कि उक्त प्रकरण में विभिन्न राज्यों के नागरिकों से ऑनलाइन माध्यम से साइबर ठगी कर लगभग 8 करोड़ 65 लाख 16 हजार 376 की अवैध राशि विभिन्न बैंक खातों में प्राप्त किए जाने की जांच की जा रही है।

मामले में पूर्व में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है वही शेष आरोपियों व अन्य साक्ष्यों के संबंध में विवेचना जारी है। पुलिस ने आम नागरिकों से किसी भी अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी अथवा बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नही करने और साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा निकटतम पुलिस थाना में संपर्क करने की अपील की है।

# आरपीएफ की तत्परता से यात्री की बची जान

**राजनांदगांव।** चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते असंतुलित होकर ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिरने लगा जिसे देख मौके पर मौजूद आरपीएफ स्टाफ ने सुझबूझ से यात्री का जीवन बचाकर सराहनीय कार्य किया। मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, नागपुर चेतन दिलीपराव जिचकार के दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निरंतर सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में ऑपरेशन जीवन रक्षा के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव के स्टाफ ने अपनी सूझबूझ एवं त्वरित कार्रवाई से एक यात्री का जीवन बचाकर सराहनीय कार्य किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 8 जुलाई को गाड़ी संख्या 12101 के राजनांदगांव स्टेशन पर आगमन के उपरांत, निर्धारित ठहराव के बाद गाड़ी के प्रस्थान के समय एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते असंतुलित होकर ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिरने लगा। प्लेटफॉर्म ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षक राजेंद्र रायकवार ने तत्काल सतर्कता दिखाते यात्री को सुरक्षित बाहर की ओर खींच लिया। जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। पूछताछ में यात्री ने अपना नाम बृजेश सकुनिया पिता महीबीर प्रसाद सकुनिया (52 वर्ष) निवासी हनुमान मंदिर पारा झारसुगुड़ा बताया।



#### यात्री ने आभार व्यक्त किया

*उन्होंने बताया कि वे गोंदिया जंक्शन से झारसुगुड़ा तक यात्रा कर रहे थे। राजनांदगांव स्टेशन पर उतरने के बाद ट्रेन चलने पर दोबारा चढ़ने का प्रयास करते समय उनका संतुलन बिगड़ गया था। आरपीएफ की तत्परता के कारण उनकी जान बच गई। यात्री ने रेलवे सुरक्षा बल के प्रति आभार व्यक्त किया तथा सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों से अपील की है कि चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास कभी न करें, क्योंकि ऐसा करना जानलेवा हो सकता है।*

# मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** रात्रि के समय प्रार्थी से मारपीट करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 जुलाई की रात्रि में प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 जुलाई को रात्रि साढे आठ बजे हमेशा की तरह अपने दोस्तों के साथ हाईस्कूल के सामने बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थे। उसी समय बैगापारा अटल आवास के विशाल बांसफोड़ अपने साथी के साथ नशे की हालत में आया और गाली-गलौज करने लगा, जिन्हें गाली देने से मना किया, तो उक्त दोनों द्वारा मां बहन की अश्लील गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देकर विशाल बांसफोड़ द्वारा अपने पास रखे धारदार वस्तु से इसके बांये हाथ की हथेली पर वार किया। जिससे कट लगकर खून निकलने लगा। दोस्तों ने बीच-बचाव किया तो उनको भी जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करना बताया। आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351 (2), 118 (1), 3 (5) बीएनएस कायम किया गया।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

*पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी कर एक आरोपी विशाल बांसफोड़ निवासी अटल आवास बैगापारा लखोली को पकड़ा। जिसने पूछताछ पर जुर्म स्वीकार किया गया। 11 जुलाई को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।*

# प्रभु शरण से कर्मों का निवारण संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

मनुष्य हो या देवता कोई भी कर्मों के फल से बच नहीं सकता। यदि कोई अपने कर्मों के दुष्परिणामों से मुक्ति चाहता है, तो उसे केवल प्रभु की शरण ही एकमात्र और अंतिम मार्ग है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को हमेशा प्रभु का स्मरण करते रहना चाहिए।

यह उद्गार रियासतकालीन राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में महोबिया परिवार द्वारा पूर्वजों की स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत पुराण कथा के दौरान कथा वाचक पं. अश्विनी त्रिपाठी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रभु का स्मरण करते रहने से साधक भक्ति मार्ग पर अग्रसर हो जाता है तब भगवान अपने भक्त के अधीन हो जाते हैं।

कथा के दौरान पं. त्रिपाठी ने गजेंद्र मोक्ष का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि पूर्वकाल में हूहू नामक गंधर्व अपनी पत्नी के साथ जलक्रीड़ा कर रहा था। उसी समय एक ऋषि स्नान कर रहे थे। परिहासवश गंधर्व ने जल के भीतर से ऋषि के पैर पकड़ लिए, जिससे क्रोधित होकर ऋषि ने उसे मगर बनने का श्राप दिया। वर्षों बाद वही मगर गजेंद्र हाथी के पैर पकड़ लेता है। लंबे संघर्ष के बाद जब गजेंद्र स्वयं को असहाय महसूस करता है, तब वह कमल पुष्प अर्पित कर भगवान नारायण को पुकारता है। भक्त की पुकार सुनते ही भगवान विष्णु प्रकट होकर सुदर्शन चक्र से मगर का उद्धार करते हैं और श्रापित गंधर्व को मुक्ति देते हैं।



#### भगवान प्रेम में बंधे रहते हैं

*पं. त्रिपाठी ने आगे राजा बलि और वामन अवतार का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान विष्णु ने वामन रूप धारण कर राजा बलि से तीन पग भूमि का दान मांगा। दो पग में उन्होंने संपूर्ण ब्रह्मांड नाप दिया और तीसरा पग राजा बलि के मस्तक पर रखकर उन्हें पाताल लोक का स्वामी बना दिया। साथ ही भगवान ने उनके राज्य की रक्षा का दायित्व भी स्वीकार किया। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि भगवान अपने भक्तों का साथ कभी नहीं छोड़ते और उनके प्रेम से बंधे रहते हैं।*

पूर्व जिपं सभापति ने किया साइकिल वितरण

# टोलागांव में छात्रसंघ का शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के टोलागॉव शासकीय उमा विद्यालय में पूर्व जिपं सभापति व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू के मुख्य आतिथ्य में नवगठित छात्रसंघ का शपथ ग्रहण व सरस्वती साइकिल योजना तहत छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित किया गया। जनपद सदस्य खेमलता साहू की अध्यक्षता और सरपंच देवेंद्र साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष विष्णुदास साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष टीलेश्वर साहू, सहाकरी समिति अध्यक्ष नारायण दास साहू, संतराम साहू, भक्तूदास साहू, बीरबल साहू, राकेश बंजारे, सुरित दास साहू, ओमप्रकाश साहू और भूपेंद्र साहू के विशिष्ट आतिथ्य मे आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। अतिथियो के स्वागत बाद नवगठित छात्रसंघ पदाधिकारियों को उनके पद व दायित्व की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि घम्मन साहू ने छात्रसंघ पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हे अब अध्ययन के साथ साथ शालेय प्रबंधन की नई जवाबदारी भी मिली है। शोलय अनुशासन का पालन करते हुए शैक्षणिक गतिविधि को भी जिला स्तर पर स्थापित करने में आप लोगो की आज से अहम जिम्मेदारी हो गई है।



#### 37 छात्राओं को मिली साइकिल

*शाला मे कक्षा नवमी में अध्ययनरत 37 छात्राओं को नई साइकिल मिलने की बधाई देते हुए मुख्य अतिथि घम्मन साहू ने कहा कि सीएम की मंशा है कि स्कूल में बच्चों को सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध हो ताकि वो पढ़ाई में ज्यादा से ज्यादा ध्यान देकर माता पिता, स्कूल गाँव के साथ-साथ जिला और प्रदेश का नाम रोशन करे। विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने संबोधन मे बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए अध्ययन अध्यापन पर विशेष ध्यान देने कहा। इस दौरान छात्र छात्राओं सहित अभिभावक, ग्रामीण व शाला स्टाफ के लोग बड़ी संख्या मे मौजूद थे।*

# सूबेदार, सब इंस्पेक्टर व प्लाटून कमांडर प्रारंभिक परीक्षा आज, 360 होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, सब इंस्पेक्टर व प्लाटून कमांडर भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा रविवार 12 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

परीक्षा का आयोजन कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में परीक्षा रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय कालेज में किया जाएगा। नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर रेणुका रात्रे ने बताया कि परीक्षा में कुल 360 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा एक पाली में सुबह दस से बारह बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र का मुख्य प्रवेश द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व अर्थात सुबह 9.45 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड अथवा ई-आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। परीक्षा में उत्तर अंकित करने के लिए केवल काले अथवा नीले रंग के बॉल प्वाइंट पेन का उपयोग किया जाएगा।

#### सुबह 9.45 बजे बंद हो जाएगा गेट

*आयोग के निर्देशानुसार परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले वस्त्र पहनकर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून तथा गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े, कार्गो पैंट एवं डिजाइनर परिधान पहनना प्रतिबंधित रहेगा। महिला अभ्यर्थियों के लिए भी पूर्ण बांह के वस्त्र व किसी प्रकार के आभूषण पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश वर्जित रहेगा। अभ्यर्थियों को जूते अथवा मोटे सोल या ऊंची हील वाले फुटवियर पहनने की अनुमति नहीं होगी। केवल पतले सोल वाली चप्पलें अथवा स्लीपर पहनकर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। केंद्राध्यक्ष ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचें। आयोग के नियमों के अनुसार मेटल डिटेक्टर, मैन्युअल तलाशी, मूल पहचान पत्र का सत्यापन तथा चेहरे का मिलान किया जाएगा। साथ ही मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को परीक्षा केंद्र में लाने की अनुमति नहीं होगी। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र में उल्लिखित निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने कहा गया है।*

:: निर्णीतऋणी क्र. 2 के (स) एवं (द) की उपस्थिति हेतु ::

**न्यायालय - अपर जिला न्यायाधीश एफ.टी.सी. राजनांदगांव (छ०ग०)**

व्य. निष्पादन. क्र० 07/2024 प्रो० क्र० 402/26 पेशी तारीख 11.08.2026

**जयप्रकाश साहू व अन्य** - आज्ञप्तिधारीगण

//बनाम //

**बीरबल व अन्य** - निर्णीतऋणीगण

प्रति,
1. नादाम आ. स्व. बाबूलाल, आयु 22 वर्ष,
2. ढालू आ. स्व. बाबूलाल, आयु 20 वर्ष,
दोनो निवासी - ग्राम - महरूमखुर्द, तह/जिला राजनांदगांव (छ.ग) - निर्णीतऋणी

आज्ञप्तिधारी द्वारा इस न्यायालय में व्य. निष्पादन. क. 07/2024 जयप्रकाश साहू व अन्य वि. बीरबल व अन्य जिससे संबंध हो, में निर्णीतऋणी क्र. 2 के (स) एवं (द) की उपस्थिति हेतु। आपको इस न्यायालय में पेशी दिनांक 11.08.2026 को समय 11:00 बजे हाजिर होने के लिए संमस दिया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा हाजिर हो सकते है जिन्हे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी अनुदेश दिया जाता है कि आप इस दिन सभी दस्तावेजों को पेश करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित हो।

अतः आप उपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होगें तो व्यवहार निष्पादन की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश पेशी तारीख को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो अगले कार्य दिवस पर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 10.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर और अधिकरण की मोहर लगाकर जारी किया गया।

राजनांदगाव (छ०ग०)
दिनांक 10.07.2026

मोहर

**(विजय कुमार साहू)**
अपर जिला न्यायाधीश,
एफ.टी.सी. राजनांदगाँव (छ०ग०)

## सार समाचार

### ठा.प्यारेलाल स्कूल के चंदन बने शाला नायक

**राजनांदगांव।** स्थानीय ठाकुर प्यारेलाल सिंह न.पा.नि.उ.मा. विद्यालय राजनांदगांव में सत्र 2026-27 के लिए शाला के पदाधिकारियों का मनोनयन शाला प्रावीण्य सूची के आधार पर किया गया। जिसमें शाला नायक चंदन जागड़े कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय, उप शाला नायक हेमलता साहू 11वीं वाणिज्य संकाय, अध्यक्ष विज्ञान समिति प्रेरणा वर्मा 12वीं गणित संकाय, अध्यक्ष साहित्य समिति सारिका कंवर 12वीं कला संकाय, अध्यक्ष क्रीड़ा समिति मीनाक्षी 12वीं कला संकाय, अध्यक्ष वाणिज्य समिति संध्या वर्मा 12वीं वाणिज्य संकाय एवं छात्रा प्रतिनिधि ओशी रामटेके 12वीं गणित संकाय शामिल हैं। शाला के पदाधिकारियों को प्राचार्य आरएस बघेल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा शाला नायक को कमान सौंपा। उक्त जानकारी विद्यालय के पीआरओ एवं वरिष्ठ अध्यापक एसके भालाधरे एवं प्राचार्य आरएस बघेल ने दी।



### भ्रष्टाचार के मास्टर माइंडों पर हो एफआईआर

**राजनांदगांव।** शहर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री व पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने जारी विज्ञप्ति में 26 करोड़ के पुलों के गुणवत्ताहीन निर्माण और भ्रष्टाचार के मास्टर माइंडों पर एफआईआर की मांग की। पूर्व पार्षद श्री ओस्तवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्वनी से मांग की है कि छग राज्य के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ रेल मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज की एप्रोच रोड़ जिसका लोकार्पण लगभग 15 दिन पूर्व ही हुआ है और गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते ग्राम मुसरा, आलीवारा और धनगांव की रेलवे ओवरब्रिज जिसकी लागत लगभग 22 से 26 करोड़ रुपयों की लागत से निर्माण कार्य मुंबई की विजय इंफ्रा ठेकेदार द्वारा कार्य किया जा रहा था, तीनों ओवरब्रिज में जो दरारें इतनी बड़ी मात्रा में आना स्वमेव भ्रष्टाचार को प्रमाणित कर रहा है।



### एनबीआईएस बोरी में ओरिएंटेशन सेरेमनी आयोजित

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नव-प्रवेशित छात्रों तथा पालकों के लिए ओरिएंटेशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। सेरेमनी की शुरुआत संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र में दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गया। सेरेमनी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य संस्था के शैक्षणिक तथा शाला में सालभर होने वाली समस्त गतिविधियों की जानकारी से पालकों व छात्रों को अवगत कराना है।



शाला की समस्त गतिविधियों में सभी बच्चों की सहभागिता अनिवार्य है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास शाला परिवार द्वारा सुनिश्चित कर सकें। समारोह में विषय अनुसार होने वाले टेस्ट परीक्षा की जानकारी दी गई। शाला में आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ओलंपियाड से सभी का परिचय कराया गया। शारीरिक विकास हेतु शाला प्रांगण में बास्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, क्रिकेट पिच, रनिंग ट्रैक के साथ ही इंडोर खेलों की जानकारी दी गई है। स्पेशल चाइल्ड की शिक्षा के लिए भी शाला में विशेषज्ञ नियुक्त हैं, जो बच्चों को समय-समय पर मार्गदर्शित करते हैं।

### जिले में अब तक 1765.1 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2026 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 1765.1 मिमी बारिश एवं औसत 252.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 285.9 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 291 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 341.7 मिमी, घुमका तहसील में 125 मिमी, छुरिया तहसील में 204.8 मिमी, कुमरदा तहसील में 283.7 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 233 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 341.7 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह शुक्रवार को राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 25.4 मिमी एवं औसत 3.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। राजनांदगांव तहसील में 4.4 मिमी, घुमका तहसील में 1 मिमी, कुमरदा तहसील में 18 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा कुमरदा तहसील में 18 मिमी दर्ज की गई है।

### परिवारजनों एवं घायल पीड़ितों को अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आर्थिक सहायता आयोजनेत्तर मद से सड़क दुर्घटना में मृतक व्यक्तियों के परिवारजनों एवं घायल पीड़ित व्यक्तियों को 10 लाख रुपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया, डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत सड़क दुर्घटना में मृतक व्यक्ति के परिवारजनों को 25 हजार रुपए एवं गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व तहसीलदार को आबंटित 2.50-2.50 लाख रुपए पुनर्बंटित किया गया है।

### रोजगार मेला में 17 को मिला नियुक्ति पत्र

**राजनांदगांव।** जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ परिसर में किया गया। उप संचालक रोजगार विष्णु कुमार केडिया ने बताया कि रोजगार मेला में विभिन्न नियोजकों द्वारा 327 आवेदकों का साक्षात्कार लिया गया। नियोजकों द्वारा प्रारंभिक स्तर पर विभिन्न पदों के लिए 105 आवेदकों का चयन किया गया। साथ ही मेला स्थल पर 17 आवेदकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। अन्य आवेदकों की चयन प्रक्रिया जारी है। आवेदकों को रोजगार पोर्टल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। आगामी रोजगार मेला का आयोजन 5 अगस्त 2026 को किया जाएगा।

### शराब बिक्री, आरोपी पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** गांव के कचरा शेड के पास अवैध रूप से महाराष्ट्र निर्मित शराब रखकर बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 10 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम जोशीलमती में एक व्यक्ति कचरा शेड के पास अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। पुलिस ने विधिवत कार्रवाई करते मौके पर आरोपी को गिरफ्तार कर जुर्म अजमानतीय होने से न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर नाकाबंदी रेड कार्रवाई कर आरोपी विनय कोल्हे 23 साल ग्राम जोशीलमती के पास से कुल 35 नग पौवा शीशी देशी दारू प्रीमियम डीलक्स सुपर संत्रा महाराष्ट्र निर्मित प्रत्येक पौवा में 180 एमएल भरी हुई सीलबंद कीमती 3150 रुपए एवं शराब बिक्री रकम 2000 रुपए को जब्त किया।

### निधन



**कौशल्यादेवी राठी**

**डोंगरगढ़।** खंडूपारा निवासी श्रीमती कौशल्यादेवी राठी का 11 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल 12 जुलाई को सुबह 10 बजे निवास स्थान से छिरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

# अवैध खाद फैक्ट्री में दबिश, 2485 बोरी उर्वरक व सामान जब्त

## डोंगरगढ़ में कृषि विभाग के उड़नदस्ते ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देशानुसार जिले में नकली, अवमानक तथा बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के उर्वरक एवं जैविक खाद का निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर जानकारी एकत्रित की जा रही है तथा नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कृषि विभाग, जिला राजनांदगांव के उड़नदस्ता दल ने विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम कातलवाही स्थित किसान मित्र स्वस्तिक ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड में छापेमार कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान संबंधित इकाई आवश्यक वैधानिक अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) एवं अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सकी।

यह कार्रवाई जिला स्तरीय उर्वरक निरीक्षक एवं सहायक संचालक कृषि डॉ. बिरेंद्र अनंत के नेतृत्व में संपन्न की गई। उड़नदस्ता दल में विकासखंड स्तरीय उर्वरक निरीक्षक जीवनलाल चंद्रवंशी, सुनील शर्मा तथा दल के अन्य सदस्य शामिल थे। कलेक्टर जितेंद्र यादव ने कहा कि किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### अवैध फैक्ट्री सील

*छापेमारी के दौरान परिसर से विभिन्न प्रकार की उर्वरक एवं कच्ची सामग्री की कुल 2,485 बोरी जब्त कर नियमानुसार पंचनामा तैयार किया गया। जब्त सामग्री में प्रोम (स्वस्तिक ऑर्गेनिक) 1,512 बोरी, बायोचार 62 बोरी, प्रिज्म चैंपियन 375 बोरी, पीवीसी एसजी 35 बोरी, सुपर ग्रेड-1 (ह्यूमेट 98 प्रतिशत) 14 बोरी, ह्यूमिक एसिड 19 बोरी, कंपोस्ट पाउडर 40 बोरी, व्हाइट क्ले (बेंटोनाइट) 40 बोरी, रॉक फॉस्फेट 40 बोरी, बायो एनपीके 8 बोरी तथा कुबेर बायो प्रोम 340 बोरी शामिल हैं।*




### लैब भेजे गए नमूने

*जब्त सामग्री के नमूने नियमानुसार परीक्षण हेतु सुरक्षित किए गए हैं। फैक्ट्री से संबंधित उत्पादन, भंडारण एवं अन्य अभिलेखों की भी जांच की जा रही है। प्रयोगशाला परीक्षण एवं जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 तथा अन्य लागू विधिक प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।*

## बाटगांव में 4 हजार पौधों का रोपण

# वृक्षारोपण आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर : रमन सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शनिवार को ग्राम बाटगांव में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आयोजित वनमहोत्सव, वृक्षारोपण एवं निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने अपनी माता स्व. श्रीमती सुधादेवी सिंह के नाम फलदार पौधे का रोपण किया। उन्होंने ग्राम बाटगांव में लगाए गए 4 हजार पौधों के संरक्षण के लिए सोलर पंप सहित बोरवेल की स्थापना तथा वृक्षारोपण स्थल को बच्चों के लिए बाल उद्यान के रूप में विकसित करने हेतु 10 लाख रुपए की सामग्री उपलब्ध कराने की घोषणा की।

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते कहा कि पौधरोपण का कार्य पावन और अच्छा कार्य है। वनमंडलाधिकारी आयुष जैन द्वारा कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर योगेश दत्त मिश्रा, सचिन बघेल, प्रतिमा चंद्राकर, पूर्णिमा साहू, किरण साहू, रोहिण सिन्हा, देवकुमार साहू, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, आशा यदु, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, सौरभ कोठारी, राजेश श्यामकर, नरेन्द्र वर्मा, नबीस साहू, जनक साहू, किरण बारले, जितेन्द्र यादव, अंकिता शर्मा, सुरुचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




### पौधरोपण पुण्य का कार्य

*सांसद संतोष पांडे ने कहा कि पौधरोपण का कार्य पुण्य का कार्य है। वृक्ष जीवन का आधार है और हम सभी को पौधरोपण करने के साथ ही पौधों का संरक्षण करना चाहिए। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु में जिले का तापमान 47 डिग्री तक पहुंच गया था, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बाटगांव में 1400 पौधरोपण किया गया था और सभी पौधे संरक्षित है, जो सराहना का विषय है।*

### उपलब्ध कराई जाएगी राशि

*उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में 30 से 50 एकड़ क्षेत्र में व्यापक वृक्षारोपण किया जाएगा, वहां भी बाल उद्यान विकसित करने आवश्यक राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी अपनी मां के नाम पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों तथा चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने एवं पौधरोपण के लिए निःशुल्क पौधा वितरण वाहन को हरी झंडी दिखाई।*

### ग्रामवासियों की सराहना

*विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ग्राम बाटगांव की सरपंच आशा यदु और ग्रामवासियों की सराहना करते कहा कि सामूहिक जनभागीदारी से किया गया वृक्षारोपण आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर बनेगा। उन्होंने कहा कि आज लगाए गए आम, कटहल, आंवला, नींबू, पीपल एवं बरगद जैसे पौधे भविष्य में घने वृक्षों का रूप लेकर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों को भी लाभ पहुंचाएंगे।*

## दुष्कर्म कर दी धमकी आरोपी गिरफ्तार

- लालबाग पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पीड़िता से दुष्कर्म कर धमकी दिए जाने के मामले की जांच कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थिया द्वारा थाना लालबाग में लिखित शिकायत प्रस्तुत कर आरोप लगाया गया कि आरोपी रमेश साहू 48 वर्ष निवासी पेंड्री ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया तथा घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने एवं गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। प्राप्त शिकायत के आधार पर थाना लालबाग में धारा 64, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया।

पुलिस के अनुसार इस मामले में थाना लालबाग पुलिस द्वारा मामले में त्वरित विवेचना कार्रवाई करते आरोपी रमेश साहू का पता तलाश कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी द्वारा अपना अपराध स्वीकार करने पर मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करते आरोपी को 11 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# जिले के 150 विवेचकों को एसपी के हाथों स्मार्ट फोन का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी एवं तकनीक आधारित क्रियान्वयन को गति प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा उपलब्ध कराए गए स्मार्ट मोबाइल आज पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा जिले के 150 विवेचकों को वितरित किए गए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने कहा कि नवीन आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद विवेचना प्रक्रिया में तकनीक का महत्व और अधिक बढ़ गया है। घटनास्थल से डिजिटल साक्ष्य संकलन, फोटो एवं वीडियो दस्तावेजीकरण, ऑनलाइन रिपोर्टिंग, विभिन्न पुलिस एप्लीकेशन के उपयोग तथा त्वरित सूचना आदान-प्रदान के माध्यम से विवेचना को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध बनाया जा सकता है। इन स्मार्ट मोबाइलों के माध्यम से विवेचक नवीन तकनीकों का उपयोग करते गुणवत्तापूर्ण एवं वैज्ञानिक विवेचना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी विवेचकों को निर्देशित किया कि प्रदत्त मोबाइल का उपयोग केवल शासकीय कार्यों में करें तथा नवीन कानूनों के अनुरूप विवेचना की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाते आमजन को त्वरित एवं प्रभावी न्याय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने उत्कृष्ट विवेचना, डिजिटल साक्ष्यों के समुचित संकलन तथा तकनीक के अधिकतम उपयोग पर विशेष बल दिया।

### उपयोगी साबित होंगे स्मार्टफोन

*कार्यक्रम में उपस्थित नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन व उप पुलिस अधीक्षक केपी मरकाम तथा सभी विवेचकों ने पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ एवं पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि यह स्मार्ट मोबाइल नवीन कानूनों के अनुरूप विवेचना कार्य को अधिक सरल, तेज एवं प्रभावी बनाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे तथा इससे शासकीय कार्यों के निष्पादन में उल्लेखनीय सुविधा प्राप्त होगी।*

# फैक्ट्री में केमिकल निर्माण रोकने प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सोमनी क्षेत्र के किसान पहले ही मौसम की बेरुखी, खाद की कमी की परेशानी से जूझ रहे हैं, ऊपर से क्षेत्र में संचालित खेतान केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स फैक्ट्री में खाद और केमिकल का निर्माण बंद नहीं होने की वजह से किसानों को खेतों में फसल बर्बाद होने की चिंता सता रही है। जबकि समझौते के अनुसार फैक्ट्री संचालक को खरीफ सीजन जून से नवंबर तक सल्फ्यूरिक एसिड का उत्पादन बंद करना है। जुलाई माह का दूसरा सप्ताह भी बीतने को है, लेकिन फैक्ट्री में निर्माण कार्य बंद नहीं किया गया। जिसके बाद क्षेत्र के किसानों ने निर्माण बंद करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। जिले के फरहद, बैगाटोला के सैकड़ों किसान तय सीमा में फैक्ट्री बंद नहीं करने के मामले को लेकर फैक्ट्री के गेट सामने धरने पर बैठ गए और फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

**खड़ी फसल हो जाती है बर्बाद:** खरीफ सीजन के दौरान फैक्ट्री में निर्माण कार्य बंद नहीं किए जाने से आसपास के सैकड़ों एकड़ खेत में इसका असर दिखाई देता है। धान की खड़ी फसल सल्फ्यूरिक एसिड की मात्रा अधिक होने से बर्बाद हो जाती है। जिसके चलते किसानों के विरोध के बाद इसे खरीफ सीजन के दौरान बंद रखने की सहमति बनी थी, लेकिन इस वर्ष फैक्ट्री में निर्माण कार्य तय अवधि में बंद नहीं किया गया। जिसको लेकर किसानों को धरना प्रदर्शन करना पड़ा। धरना प्रदर्शन के दौरान जनपद सदस्य उत्तरीबाई तामस्कर, सरपंच निर्मला साहू, सरपंच कमल साहू, पूर्व सरपंच योगेश्वर निर्मलकर, पूर्व सरपंच चंदन कश्यप, गंगू डहरे, भीरगू साहू, कमल गायकवाड़, चंद्रिका जोशी, धनुषराम साहू, शिवरतन जोशी, राजेन्द्र साहू, शत्रुशाल जोशी, रोमनाथ साहू, नारायण तामस्कर, जोहरीत राम, भैयालाल साहू, नीतू साहू, मंजू बंजारे, देवकी बांधे, कांती बांधे, छोटेलाल, दिलीप विश्वकर्मा, पुनाराम, कमल किशोर साहू, संतोष जोशी, संतोष टंडन व अन्य किसान उपास्थित थे।



### फैक्ट्री प्रबंधन को प्रशासन की फटकार

*इधर फैक्ट्री के बाहर किसानों द्वारा धरना प्रदर्शन किए जाने की जानकारी मिलने पर प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची। प्रशासन द्वारा तय सीमा में फैक्ट्री बंद नहीं करने पर फैक्ट्री प्रबंधक को फटकार लगाया गया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार द्वारा तुरन्त फैक्ट्री को बंद कराया गया। तय सीमा में फैक्ट्री बंद नहीं करने को लेकर प्रशासन की फटकार के बाद फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा उद्योग में सल्फ्यूरिक एसिड का उत्पादन बंद करने प्रक्रिया को लिखित दिया। इसके बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।*

### फसलों को नुकसान

*फरहद और बैगाटोला के बीच स्थित खेतान केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड से निकलने वाला काला धुंआ, रासायनिक और दूषित अपशिष्ट पानी से आसपास के खेतों में धान की फसल बर्बाद हो रही है। जिसको लेकर किसानों द्वारा खरीफ सीजन में फैक्ट्री बंद रखने की मांग की जाती है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि पूर्व निर्धारित समझौते के अनुसार फैक्ट्री को धान की बुवाई से लेकर कटाई तक उत्पादन कार्य बंद रखना होता है, लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा निर्माण कार्य बंद नहीं किया गया। जिससे किसानों में आक्रोश है।*

## एसपी व्हीके चौबे सहित 29 जवान को करेंगे याद

# शहीदों की याद में बनेगा स्मारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



करीबन डेढ़ दशक पहले 12 जुलाई 2009 को अविभाजित राजनांदगांव जिले के मोहला-मानपुर क्षेत्र के कोरकोट्टी में शहीद हुए स्व. विनोद चौबे समेत 29 जवानों की शहादत की याद में राज्य सरकार एक बड़ा स्मारक स्थापित करने की तैयारी में है। खास बात यह है कि यह स्मारक ठीक उसी स्थान पर बनाया जाएगा, जहां यह घटना घटित हुई थी।

उल्लेखनीय है कि 17 वर्ष पूर्व महाराष्ट्र सीमा पर स्थित कोरकोट्टी में नक्सलियों ने एक एम्बुस में तत्कालिन एसपी स्व. विनोद चौबे समेत 29 जवानों पर हमला कर दिया था। इस घटना में चौबे समेत सभी जवान शहीद हो गए थे। बड़ी बात यह थी कि देश के इतिहास में नक्सल घटना में आईपीएस के शहादत की यह पहली घटना थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने राज्य सरकार के साथ मिलकर आपरेशन ग्रीनहंट का आगाज किया। नतीजतन नक्सलियों की जड़े कमजोर होती गईं। अब मोहला-मानपुर जिला पूरी तरह से नक्सलमुक्त हो गया है। 12 जुलाई को दिवंगत चौबे और शहीद जवानों की शहादत दिवस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने घटनास्थल पर स्मारक स्थापित करने का निर्देश दिया है।




### सभी जवानों की भी लगेंगी प्रतिमाएं

*सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोरकोट्टी में स्व. चौबे के अलावा 29 जवानों की प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी। बताया जा रहा है कि कोरकोट्टी में स्मारक के लिए एक जगह भी चिन्हांकित की गई है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये गृहमंत्री श्री शर्मा ने कलेक्टर तुलिका प्रजापति और एसपी वायपी सिंह को स्मारक तैयार करने का निर्देश दिया है। यह भी तय किया गया है कि जिस गांव में तीन से ज्यादा ग्रामीण नक्सलियों के हाथों मारे गए हैं, उन गांवों में भी ग्रामीणों की प्रतिमाएं स्थापित होगी।*



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 12 जुलाई 2026



B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923

## डोंगरगढ़ में हादसा : बाइपास निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन

# हादसे में मौत के बाद दिखा आक्रोश सड़क पर शव रख किया चक्काजाम

### डोंगरगढ़ में तेज रफ्तार हाइवा ने 12 साल के मासूम को कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ के अंडरब्रिज के पास शुक्रवार देर शाम तेज रफ्तार हाइवा ने 12 वर्षीय मासूम को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही पूरे शहर में शोक के साथ आक्रोश की लहर दौड़ गई। शनिवार सुबह बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक संगठन और मृतक के परिजन डोंगरगढ़ थाना पहुंचे। गुस्साए लोगों ने शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि शहर के भीतर लगातार भारी वाहनों की आवाजाही जानलेवा साबित हो रही है। वर्षों से बाइपास सड़क बनाने और शहर में हाइवा जैसे भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की सुस्ती के कारण एक के बाद एक हादसे हो रहे हैं। लोगों ने मृतक परिवार को आर्थिक सहायता, दोषियों पर कठोर कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए स्थायी व्यवस्था की मांग की।



#### तेज रफ्तार पर लगे अंकुश

इस घटना के बाद शहरवासियों में आक्रोश है और उन्होंने यातायात व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। लोगों ने अंडरब्रिज और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर, सीसीटीवी कैमरे, गति सीमा के बोर्ड और यातायात पुलिस की नियमित तैनाती की मांग की है। साथ ही तेज रफ्तार, नाबालिग वाहन चालकों और यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई है। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि शहर के भीतर लगातार भारी वाहनों की आवाजाही जानलेवा साबित हो रही है। वर्षों से बाईपास सड़क बनाने और शहर में हाइवा जैसे भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की जा रही है।

#### वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग

चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने भी प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मृतक के परिजनों को नियमानुसार मुआवजा दिलाया जाएगा। हाइवा चालक और वाहन मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी, बाइपास निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी और शहर के भीतर भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

#### उग्र आंदोलन की चेतावनी

डोंगरगढ़ में प्रदर्शन कर रहे लोग प्रशासन के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया, लेकिन लोगों का गुस्सा अभी शांत नहीं हुआ है। चक्काजाम में शामिल लोगों का कहना है कि अगर इस हादसे के बाद भी बाइपास निर्माण और भारी वाहनों पर रोक को लेकर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में आंदोलन और व्यापक होगा। फिलहाल पूरा शहर यही सवाल पूछ रहा है कि आखिर एक और मासूम की जान जाने के बाद क्या अब व्यवस्था जागेगी।

**सड़क हादसे में रोकथाम जरूरी :** अविभाजित राजनांदगांव में यह पहला मामला नहीं है, जब तेज रफ्तार के चलते मासूम की जान गई हो। इससे पहले भी कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, ऐसे में जरूरी है कि यातयात विभाग को नेश्नल हाईवे सहित अन्य सड़कों पर भारी वाहनों की रफ्तार पर काबू किया जाए।

## खबर संक्षेप

### शहीदों के लिए आज श्रद्धांजलि सभा

**राजनांदगांव।** मानपुर क्षेत्र के ग्राम कोरकोट्टी में नक्सलियों से लोहा लेते तत्कालीन एसपी व्हीके चौबे सहित 29 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शहीद हो गए थे। जिनकी शहादत को नमन करने के लिए आज सुबह 9 बजे रक्षित आरक्षी केन्द्र के मंगल भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। ज्ञात हो कि 12 जुलाई 2009 को अविभाजित राजनांदगांव के थाना मानपुर के ग्राम कोरकोट्टी में नक्सलियों से जांबाजी के साथ लोहा लेते तत्कालीन एसपी व्हीके चौबे एवं 29 पुलिस अधिकारी जवान शहीद हो गए थे। इन वीर शहीदों की शहादत को नमन करने कल 12 जुलाई को सुबह 9 बजे रक्षित आरक्षी केन्द्र के मंगल भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है।श्रद्धांजलि सभा में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जवान, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक वीर शहीदों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

## गांजा बिक्री का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 114 ग्राम गांजा जब्त कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार 10 जुलाई को थाना छुईखदान पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खैरी निवासी भारत मरकाम उर्फ नंदू अवैध रूप से गांजा रखकर गांव में घूम-घूमकर लोगों को बिक्री कर अवैध लाभ अर्जित कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम खैरी स्थित मेन रोड किनारे कचरा शेड के पास घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर उपजेल सलोनी भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में थाना छुईखदान पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

**नगदी रकम की जब्त:** कार्रवाई के दौरान आरोपी भारत मरकाम उर्फ नंदू 50 वर्ष के कब्जे से एक क्रीम रंग के कपड़े के थैले में रखा 114 ग्राम अवैध गांजा कीमत लगभग 2,800 रुपए तथा गांजा बिक्री से प्राप्त 350 रुपए नगद बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर थाना छुईखदान में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।




## फैक्ट्री में केमिकल निर्माण रोकने प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी क्षेत्र के किसान पहले ही मौसम की बेरूखी, खाद की कमी की परेशानी से जूझ रहे हैं, ऊपर से क्षेत्र में संचालित खेतान केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स फैक्ट्री में खाद और केमिकल का निर्माण बंद नहीं होने की वजह से किसानों को खेतों में फसल बर्बाद होने की चिंता सता रही है। जबकि समझौते के अनुसार फैक्ट्री संचालक को खरीफ सीजन जून से नवंबर तक सल्फ्यूरिक एसिड का उत्पादन बंद करना है। जुलाई माह का दूसरा सप्ताह भी बीतने को है, लेकिन फैक्ट्री में निर्माण कार्य बंद नहीं किया गया। जिसके बाद क्षेत्र के किसानों ने निर्माण बंद करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। जिले के फरहद, बैगाटोला के सैकड़ों किसान तय सीमा में फैक्ट्री बंद नहीं करने के मामले को लेकर फैक्ट्री के गेट सामने धरने पर बैठ गए और फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

**खड़ी फसल हो जाती है बर्बाद:** खरीफ सीजन के दौरान फैक्ट्री में निर्माण कार्य बंद नहीं किए जाने से आसपास के सैकड़ों एकड़ खेत में इसका असर दिखाई देता है। धान की खड़ी फसल सल्फ्यूरिक एसिड की मात्रा अधिक होने से बर्बाद हो जाती है। जिसके चलते किसानों के विरोध के बाद इसे खरीफ सीजन के दौरान बंद रखने की सहमति बनी थी, लेकिन इस वर्ष फैक्ट्री में निर्माण कार्य तय अवधि में बंद नहीं किया गया। जिसको लेकर किसानों को धरना प्रदर्शन करना पड़ा। धरना प्रदर्शन के दौरान जनपद सदस्य उत्तरीबाई



तामस्कर, सरपंच निर्मला साहू, सरपंच कमल साहू, पूर्व सरपंच योगेश्वर निर्मलकर, पूर्व सरपंच चंदन कश्यप, गंगू डहरे, भीरगू साहू, कमल गायकवाड़, चंद्रिका जोशी, धनुषराम साहू, शिवरतन जोशी, राजेन्द्र साहू, शत्रुशाल जोशी, रोमनाथ साहू, नारायण तामस्कर, जोहरीत राम, भैयालाल साहू, नीतू साहू, मंजू बंजारे, देवकी बांधे, कांती बांधे, छोटेलाल, दिलीप विश्वकर्मा, पुनाराम, कमल किशोर साहू, संतोष जोशी, संतोष टंडन व अन्य किसान उपास्थित थे।

#### फैक्ट्री प्रबंधन को प्रशासन की फटकार

इधर फैक्ट्री के बाहर किसानों द्वारा धरना प्रदर्शन किए जाने की जानकारी मिलने पर प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची। प्रशासन द्वारा तय सीमा में फैक्ट्री बंद नहीं करने पर फैक्ट्री प्रबंधक को फटकार लगाया गया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार द्वारा तुरन्त फैक्ट्री को बंद कराया गया। तय सीमा में फैक्ट्री बंद नहीं करने को लेकर प्रशासन की फटकार के बाद फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा उद्योग में सल्फ्यूरिक एसिड का उत्पादन बंद करने प्रक्रिया को लिखित दिया। इसके बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

#### फसलों को नुकसान

फरहद और बैगाटोला के बीच स्थित खेतान केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड से निकलने वाला काला धुंआ, रासायनिक और दूषित अपशिष्ट पानी से आसपास के खेतों में धान की फसल बर्बाद हो रही है। जिसको लेकर किसानों द्वारा खरीफ सीजन में फैक्ट्री बंद रखने की मांग की जाती है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि पूर्व निर्धारित समझौते के अनुसार फैक्ट्री को धान की बुवाई से लेकर कटाई तक उत्पादन कार्य बंद रखना होता है, लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा निर्माण कार्य बंद नहीं किया गया। जिससे किसानों में आक्रोश है।




## किराये के मकान में चल रहा आंगनबाड़ी



**डोंगरगढ़।** टिकरापारा वार्ड 3 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र लगभग 15 सालों से किराए के मकान में चल रहा है। भवन की कमी के कारण यहां आने वाले बच्चों को पर्याप्त जगह, सुरक्षित वातावरण नहीं मिल रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भी सीमित संसाधनों के बीच कार्य करने मजबूर हैं। नागरिकों ने बताया कि आंगनबाड़ी भवन के लिए भूमि आबंटित करने के बाद भी भवन निर्माण शुरू नहीं हो सका। लोगों ने बताया कि शास. भूमि पर लगातार कब्जा का अवैध प्लॉटिंग किया जा रहा है जिससे सार्वजनिक उपयोग के लिए भूमि का अभाव पैदा हो गया है।

### एसपी व्हीके चौबे सहित 29 जवान को करेंगे याद

## शहीदों की याद में बनेगा स्मारक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



करीबन डेढ़ दशक पहले 12 जुलाई 2009 को अविभाजित राजनांदगांव जिले के मोहला-मानपुर क्षेत्र के कोरकोट्टी में शहीद हुए स्व. विनोद चौबे समेत 29 जवानों की शहादत की याद में राज्य सरकार एक बड़ा स्मारक स्थापित करने की तैयारी में है। खास बात यह है कि यह स्मारक ठीक उसी स्थान पर बनाया जाएगा, जहां यह घटना घटित हुई थी।

उल्लेखनीय है कि 17 वर्ष पूर्व महाराष्ट्र सीमा पर स्थित कोरकोट्टी में नक्सलियों ने एक एम्बुस में तत्कालिन एसपी स्व. विनोद चौबे समेत 29 जवानों पर हमला कर दिया था। इस घटना में चौबे समेत सभी जवान शहीद हो गए थे। बड़ी बात यह थी कि देश के इतिहास में नक्सल घटना में आईपीएस के शहादत की यह पहली घटना थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने राज्य सरकार के साथ मिलकर आपरेशन ग्रीनहंट का आगाज किया। नतीजतन नक्सलियों की जड़े कमजोर होती गई। अब मोहला-मानपुर जिला पूरी तरह से नक्सलमुक्त हो गया है। 12 जुलाई को दिवंगत चौबे और शहीद जवानों की शहादत दिवस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने घटनास्थल पर स्मारक स्थापित करने का निर्देश दिया है।



#### सभी जवानों की भी लगेंगी प्रतिमाएं

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोरकोट्टी में स्व. चौबे के अलावा 29 जवानों की प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी। बताया जा रहा है कि कोरकोट्टी में स्मारक के लिए एक जगह भी चिन्हांकित की गई है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये गृहमंत्री श्री शर्मा ने कलेक्टर तुलिका प्रजापति और एसपी वायपी सिंह को स्मारक तैयार करने का निर्देश दिया है। यह भी तय किया गया है कि जिस गांव में तीन से ज्यादा ग्रामीण नक्सलियों के हाथों मारे गए हैं, उन गांवों में भी ग्रामीणों की प्रतिमाएं स्थापित होगी।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क सिलाई मशीन केंद्र का किया गया प्रारंभ

**कवर्धा।** गत दिनों 10 जुलाई शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद का जिला बैठक संपन्न हुआ, बैठक में जिला पर आगामी योजनाओं के लिए चर्चा हुई, विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस का कार्यक्रम कृष्ण जन्माष्टमी के दिन करने हेतु चर्चा की गई कवर्धा के सभी छः बस्ती में अलग-अलग समिति बनाकर कृष्ण जन्माष्टमी स्थापना दिवस किया जाना तय किया गया, गौ सम्मान अभियान में हस्ताक्षर कराने अधिक लोगों से संपर्क कर 27 जुलाई को शामिल होने अपील की गई। जिसमें निःशुल्क महिला सिलाई सेवा केंद्र विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मातृशक्ति के द्वारा प्रारंभ किया गया।

# विधायक भावना बोहरा की बड़ी पहल: जल्द शुरू होगी साइंस पाठशाला

- सरकारी स्कूलों के बच्चें उड़ाएंगे ड्रोन, एआई और रोबोटिक्स की मिलेगी अत्याधुनिक शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

बदलते समय के साथ शिक्षा का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। भविष्य की चुनौतियों और अवसरों को ध्यान में रखते हुए पंडरिया



विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा अंतर्गत समस्त शासकीय उच्चतर विद्यालय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिषर में जाकर छात्र-छात्राओं को आधुनिक व तकनीकी शिक्षा एवं नवाचार से जोड़ने के लिए जल्द ही भावना दीदी की साइंस पाठशाला मोबाईल ईमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब का जल्द ही शुभारंभ किया जाएगा।

यह एक अत्याधुनिक मोबाइल ईमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब होगी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण अंचलों के शासकीय विद्यालयों व सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों तक आधुनिक तकनीकी शिक्षा पहुंचाना है।

बस में संचालित इस मोबाइल ईमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों को 5 अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा विद्यालय परिसर में चरणबद्ध तरीके से 3 से 5 दिनों की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा,जहां छात्र-छात्राओं को बेसिक से लेकर एडवांस टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण दिया जाएगा साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा।

इस अभिनव पहल के माध्यम से प्रति वर्ष 5000 से अधिक छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बस में बनी यह मोबाइल ईमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न शासकीय विद्यालयों तक पहुंचेगी और उच्चतर विद्यालय एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से भविष्य की उन्नत तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेगी। प्रथम चरण में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### ग्रामीण एवं शहरी शिक्षा के बीच तकनीकी अंतर को कम करना मुख्य उद्देश्यः भावना




विधायक भावना बोहरा ने बताया कि प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ड्रोन और एयरोमॉडलिंग, 3डी प्रिंटिंग, कोडिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ऑगमेंटेड एवं वर्चुअल रियलिटी जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण केवल सैद्धांतिक नहीं होगा, बल्कि विद्यार्थी स्वयं ड्रोन उड़ाने, कोडिंग करेंगे, डी मॉडल तैयार करेंगे तथा रोबोट संचालित करने और आधुनिक डिजिटल तकनीकों का व्यवहारिक अनुभव भी प्राप्त करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी शिक्षा के बीच तकनीकी अंतर को कम करना, भविष्य की प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम बनाना, शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराना तथा उनमें वैज्ञानिक सोच, नवाचार, रचनात्मकता और आधुनिक कौशल का विकास करना है। 5 अनुभवी प्रशिक्षकों और विशेषज्ञों की टीम द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें भविष्य की तकनीक आधारित शिक्षा और करियर के लिए तैयार किया जाएगा। भावना बोहरा ने कहा कि आज का समय ज्ञान, विज्ञान और तकनीक का युग है। यदि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक शिक्षा और नई तकनीकों से जोड़ा जाए, तो वे भी देश और दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा, प्रतिभा किसी शहर या संसाधन की मोहताज नहीं होती। हमारे गाँवों के बच्चों में भी अपार क्षमता है। आवश्यकता केवल उन्हें सही अवसर और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने की है। 'भावना दीदी की साइंस पाठशाला' का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ना, उनमें आत्मविश्वास जगाना और उन्हें आने वाले समय की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। हमारा संकल्प है कि पंडरिया विधानसभा का कोई भी विद्यार्थी अवसरों के अभाव में पीछे न रहे।

## पर्यटन से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती- विजय शर्मा

# उपमुख्यमंत्री ने वन महोत्सव व 6 किमी इको ट्रेल का किया शुभारंभ

- घने जंगलों के बीच उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने किया इको ट्रेल का रोमांचक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के भोरमदेव अभ्यारण्य में प्रकृति संरक्षण और इको-टूरिज्म को नई पहचान देते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को जंगल सफारी में वन महोत्सव और भोरमदेव इको ट्रेल का शुभारंभ किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, वन विभाग के कर्मचारियों और ग्रामीणों के साथ लगभग 6 किलोमीटर लंबी भोरमदेव इको ट्रेल का भ्रमण कर जंगल की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता और रोमांचक वन यात्रा का अनुभव लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत शनि देव महाराज की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने 51 काला आम के पौधों का रोपण तथा बैगा समुदाय के साथ जिले में 50 हजार सीड बॉल रोपण अभियान का शुभारंभ किया। इसके साथ ही ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर एक लाख पौधों के वितरण अभियान की भी शुरुआत की। बैगा चौपाल कार्यक्रम में उन्होंने बैगा समुदाय के 100 हितग्राहियों को सोलर लालटेन और जैकेट वितरित किए।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भोरमदेव अभ्यारण्य में जंगल सफारी शुरू होने के बाद पर्यटक अब जंगल के अंदर जाकर प्रकृति का करीब से आनंद ले रहे हैं। अब आज से शुरू हुई भोरमदेव इको ट्रेल भी पर्यटकों को घने जंगल, प्राकृतिक सुंदरता और वन्य जीवों के बीच एक नया और यादगार अनुभव देगी। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने भोरमदेव क्षेत्र को अनमोल प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध किया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला और सबसे अधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र है। भोरमदेव में पर्यटन सुविधाओं के बढ़ने से यहां अधिक पर्यटक आएंगे। इससे होटल, वाहन, खान-पान, हस्तशिल्प और अन्य छोटे-बड़े व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

श्री शर्मा ने कहा कि पर्यटन बढ़ने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। अभी भी कई युवा जंगल सफारी में नेचर गाइड बनकर पर्यटकों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। आने वाले समय में ऐसे अवसर और बढ़ेंगे, जिससे उनकी आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि साल भर यहां पर्यटन गतिविधियां तेजी से चलने की संभावना है, जिसका सीधा लाभ क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि भोरमदेव का विकास तभी सफल होगा, जब स्थानीय लोग इसे अपनी धरोहर मानकर इसकी सुरक्षा करेंगे।

### स्वदेश दर्शन योजना से बदलेगी भोरमदेव की तस्वीर



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत भोरमदेव क्षेत्र के समग्र पर्यटन विकास के लिए 146 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। इस राशि से प्रवेश द्वारा, शेड, संग्रहालय, आधुनिक पार्क, पार्किंग, मेला स्थल, छेरकी महल, मड़वा महल, रामचूआ और सरोदा बांध सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से भोरमदेव राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित होगा।

### बैगा समुदाय के हितग्राहियों को किया सोलर लालटेन वितरण

वन महोत्सव के अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने करिया आमा ग्राम में 51 काला आम के पौधों का रोपण कर काला आम उपवन की स्थापना की। इसके साथ ही जिलेभर में 50 हजार सीड बॉल रोपण अभियान का शुभारंभ किया। जिले में एक लाख पौधों के वितरण अभियान की शुरुआत करते हुए ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में बैगा समुदाय के 100 हितग्राहियों को सोलर लालटेन और जैकेट भी वितरित की गई।

# नई गन्ना किस्मों से प्रति एकड़ 6-7 सौ क्विंटल पैदावार की उम्मीद



- महाराष्ट्र से मंगाई गई उन्नत प्रजातियों से बढ़ेगा उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया ने कारखाना क्षेत्र के गन्ना किसानों की आय बढ़ाने और उत्पादन में सुधार के लिए नई व उन्नत गन्ना प्रजातियों का विस्तार शुरू किया है। पिछले सात-आठ वर्षों से क्षेत्र में मुख्य रूप से सीओ-जे85 किस्म की खेती हो रही थी। लंबे समय तक एक ही प्रजाति का उपयोग होने से बीज रोगग्रस्त और पुराना हो गया, जिसके कारण गन्ने की उत्पादकता लगातार घट रही थी। इस स्थिति को देखते हुए कारखाना प्रबंधन ने नई किस्मों को बढ़ावा देने की पहल की।इसके तहत पहले कारखाना क्षेत्र के किसानों को महाराष्ट्र के वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट और गन्ना अनुसंधान केंद्रों का भ्रमण कराया गया। यहां किसानों को सीओ-92005, सीओ -86032 और वीएसआई सीओ-18121 जैसी उन्नत प्रजातियों की खेती और आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। वहीं कारखाना के क्षेत्र सहायकों की टीम को सतारा जिले के पाडेगांव स्थित केंद्रीय गन्ना अनुसंधान केंद्र भेजा गया, जहां वैज्ञानिकों से चर्चा के बाद पीडीएन-15012, पीडीएन-15006 और पीडीएन-13007 किस्मों को कबीरधाम की मिट्टी और जलवायु के लिए उपयुक्त बताया गया। इसके बाद कारखाना प्रबंधन ने महाराष्ट्र से नई किस्मों के गन्ने और पौधे मंगाकर किसानों में वितरित किए। किसानों को सीओ-92005 के 87 क्विंटल, सीओ-86032 के 382 क्विंटल और वीएसआई सीओ-18121 के 555 क्विंटल बीज गन्ने उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा सांगली की नर्सरी से पीडीएन-15012 के 8.64 लाख, पीडीएन-15006 के 2.71 लाख, पीडीएन-10001 के 1.32 लाख और पीडीएन-13007 के 15.96 लाख पौधे मंगाए गए। कुल मिलाकर करीब 32 लाख पौधे किसानों को उपलब्ध कराए गए, जिससे क्षेत्र के लगभग एक हजार एकड़ में नई किस्मों का रोपण किया गया है। नई प्रजातियों के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए कारखाना प्रबंधन ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ से गन्ना विशेषज्ञ एसएन सिंह और महाराष्ट्र के सांगली से विनोद माधेकर को आमंत्रित कर किसानों को वैज्ञानिक तरीके से गन्ना उत्पादन का प्रशिक्षण भी दिलाया।

### 600 से 700 क्विंटल प्रति एकड़ तक उत्पादन

कारखाना प्रबंधन उत्तम कुमार कौशिक का कहना है कि नई किस्मों के शुरुआती परिणाम उत्साहजनक हैं। इन प्रजातियों से इस वर्ष 600 से 700 क्विंटल प्रति एकड़ तक उत्पादन मिलने की उम्मीद है, जो पुरानी किस्मों की तुलना में काफी अधिक है। बेहतर परिणामों को देखते हुए अगले वर्ष क्षेत्र में इन प्रजातियों का और अधिक विस्तार करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए एक से दो करोड़ पौधे मंगाकर किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

### गन्ना उत्पादन और किसानों की आय होगी वृद्धि

उर्वरक प्रबंधन के तहत यूरिया को तीन किश्तों में देने, लगातार बारिश के दौरान यूरिया का प्रयोग नहीं करने, जिंक सल्फेट और जैव उर्वरकों के उपयोग पर जोर दिया गया है। साथ ही किसानों को गीली मिट्टी में ट्रैक्टर नहीं चलाने और आवश्यकता पडने पर फफूंदनाशी का छिड़काव करने की सलाह भी दी गई है। कारखाना प्रबंधन का मानना है कि आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज और वैज्ञानिक खेती अपनाने से आने वाले वर्षों में क्षेत्र में गन्ना उत्पादन और किसानों की आय दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन कराना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का निर्बाध लाभ दिलाने तथा कृषि संबंधी सेवाओं को डिजिटल रूप से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य किया गया है। ऐसे किसान, जिनकी ऋण पुस्तिका या भूमि खाते में दो, तीन अथवा चार लोगों के नाम दर्ज हैं, उन्हें अलग-अलग अपना एग्रीस्टेक पंजीयन कराना होगा। साथ ही यदि एक खाते में एक से अधिक खसरा नंबर दर्ज है तो उस खाते के समस्त सहखातेदारों को भी उन सभी खसरों पर अपना पंजीयन कराना होगा।

# किसानों को किया गया बीज वितरण

- किसानों को समृद्ध बनाने में लगातार कार्य कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के मार्गदर्शन में दामापुर क्षेत्र सहित आस-पास के ग्राम से आए किसानों को बेहतर उन्नत कृषि हेतु उच्च क्वालिटी का 2026 का अपग्रेड अरहर का बीज वितरण किया गया।


जिसमें ग्राम दामापुर, जैतपुरी, पंवरजली, डोंगरिया, प्राणखैरा, कोदवा के किसानों को बीज वितरण किया गया। बीज वितरण के समय क्षेत्रिय जनपद सदस्य एवं पंडरिया जनपद पंचायत के सभापति अश्वनी यदु उपस्थित थें। अश्वनी यदु ने कहा कि किसानों को समृद्ध बनाने छत्तीसगढ़ सरकार प्रतिबद्ध है, मुख्यमंत्री व सरकार विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को समृद्धि बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

पंडरिया श्रीमती विधायक भावना बोहरा द्वारा किसानों को बिजली संबंधित कोई दिक्कत ना आए इसलिए सब स्टेशनों का औचक निरिक्षण कर अधिकारियों को किसान हित में कार्य करने निर्देशित किया जा रहा है, वंही किसानों को बेहतर बीज खाद कैसे मिले इसके लिए भी कृषि विभाग के अधिकारियों को लगातार निर्देशित किया जा रहा है, खाद में कालाबाजारी ना हो इसको लेकर भी पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा विभाग को विशेष ध्यान देनें की बात कही गई। इस दौरान बहादुर खान, भागवत घृतलहरे, रामसिंह रात्रे, रामविलास चंद्रवंशी सहित आसपास क्षेत्र ग्रामीण किसान गण उपस्थित थें।

# स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का प्राकट्य महोत्सव आज राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हिंदूराष्ट्र प्रणेता तथा सनातन धर्म के सर्वोच्च, सर्वमान्य एवं सार्वभौम धर्मगुरु ऋग्वेदीय



पूर्वमनाय गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमद् जगतगुरु शङ्कराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग का 84वां प्राकट्य महोत्सव समूचे देश में राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम नई दिल्ली में आयोजित है जहां आदित्यवाहिनी छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष आशीष दुबे एवं कवर्धा से लोकेश त्रिपाठी सम्मिलित होंगे।

आदित्यवाहिनी के जिला अध्यक्ष कुलेश्वर सिंह राजपूत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अवगत कराया कि पूज्यपाद श्रीमज्जगद्गुरु शङ्कराचार्य महाराज के अवतरण दिवस आषाढ़ कृष्ण त्रयोदशी को सनातन धर्मावलंबियों के द्वारा राष्ट्रोतकर्ष दिवस के रूप में मनाया जाता है। तदानुसार इस वर्ष रविवार को प्रातः स्थानीय गौशाला में गौ सेवा की जावेगी तथा सायं 5:00 बजे श्रीराधा कृष्ण बड़े मंदिर में सत्संग एवं संगोष्ठी का समायोजन होगा जहां पर पूज्यपाद के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घायु जीवन की प्रार्थना के साथ अच्युत अनंत गोविंद का सामूहिक संकीर्तन एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ संस्था के सदस्यों एवं शिष्यवृन्द के द्वारा किया जाएगा तथा अन्त में प्रसाद वितरण किया जाएगा। विदित हो कि यह कार्यक्रम पूज्य गुरुदेव के उन संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रयास है, जिनमें अन्यों के हित का ध्यान रखते हुए हिन्दुओं के अस्तित्व एवं आदर्श की रक्षा तथा देश की सुरक्षा एवं अखंडता के पावन उद्देश्यों के साथ ही सुसंस्कृत, सुशिक्षित, सुरक्षित, संपन्न, सेवापरायण, स्वस्थ एवं सर्वहितप्रद व्यक्ति तथा समाज के निर्माण का

### अमलीमालगी की जर्जर इमारत बनी चिंता का कारण

# बारिश में टपकने लगती है स्कूल की छत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम अमलीमालगी स्थित पूर्व प्राथमिक शाला की जर्जर भवन स्थिति बरसात के दिनों में बच्चों और शिक्षकों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। हल्की बारिश होते ही स्कूल की छत से पानी टपकने लगता है, जिससे कक्षाओं के भीतर पढ़ाई प्रभावित होती है।

वर्तमान में स्कूल में 92 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। जानकारी के अनुसार भवन काफी पुराना है और इसका दो बार मरम्मत कार्य कराया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद छत से पानी रिसने की समस्या दूर नहीं हो सकी है। बारिश के दौरान कक्षाओं में जगह-जगह पानी टपकने से बच्चों को बैठने और पढ़ाई करने में कठिनाई होती है।

लगातार रिसाव के कारण भवन की छत और दीवारों में नमी बनी रहती है। जहां पानी टपकता है, वहां प्लास्टर उखड़ने और कंक्रीट झड़ने की स्थिति भी बनने लगी है। इससे भवन की मजबूती पर भी असर पड़ रहा है और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों एवं पालकों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि बरसात को देखते हुए पूर्व प्राथमिक शाला अमलीमालगी के भवन की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण में अध्ययन की सुविधा मिल सके।

### टपकती छत से बढ़ा हादसे का खतरा

बरसात के दौरान छत से लगातार पानी रिसने के कारण दीवारों और छत में नमी बनी रहती है। इससे प्लास्टर और कंक्रीट झड़ने की आशंका बनी हुई है। यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो बच्चों की सुरक्षा पर खतरा बढ़ सकता है।

### 92 बच्चों की पढ़ाई पर असर, मरम्मत की मांग

पूर्व प्राथमिक शाला अमलीमालगी में अध्ययनरत 92 छात्र-छात्राओं को बारिश के दौरान टपकती छत के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से भवन की तत्काल मरम्मत कराने और सुरक्षित शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है



## खबर संक्षेप



### कचरा मिक्स करना, बीमारी को घर बुलाना

**कवर्धा।** एक गलत आदत पूरे गांव को बीमार कर सकती है। इसलिए अब कचरा अलग होगा और सोच भी अलग होगी।ष इस संकल्प के साथ कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देशन में जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 को जनआंदोलन बनाने की मुहिम तेज हो गई है। घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से लोगों को कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की टीम तथा विभागीय अमला गांव-गांव पहुंचकर ष्स्वच्छ कबीरधाम का मंत्र जन-जन तक पहुंचा रहा है। 15 जुलाई से जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन शुरू किया जाएगा। आगामी 2 अक्टूबर 2026 तक जिले की 60 ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए स्वच्छता दीदी, संकुल समन्वयक, विकासखंड समन्वयक एवं पंचायत सचिव घर-घर जाकर लोगों को कचरा पृथक्करण के लिए प्रेरित करेंगे और चार रंगों के डस्टबिन के उपयोग की जानकारी देंगे।

### 10वीं, 12 वीं की द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा जारी



**स.लोहारा ।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, लोहारा में 8 जुलाई से विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हो रही है। विद्यालय के प्राचार्य एफआर पुनाचा ने बताया कि यह परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है जो पूर्व परीक्षा में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके थे। परीक्षा में लगभग 350 परीक्षार्थी दसवीं एवं 12वीं के शामिल है। लोहारा विकासखंड के सभी हाई/हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी शामिल है। परीक्षा के दौरान नकल-विहीन एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सभी परीक्षार्थी समय पर उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ परीक्षा संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहा है। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए परीक्षा में पूर्ण ईमानदारी एवं आत्मविश्वास के साथ सम्मिलित होने का संदेश दिया।

**कार्रवाई : कोदवागोडान सर्किल में वन विभाग ने दी दबिश**

# वर्षाकाल प्रारंभ होते ही वनभूमि पर ट्रैक्टरों से जुताई, चार ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पूर्व पंडरिया वन परिक्षेत्र अवैध वन विनाश और वनभूमि पर अतिक्रमण को लेकर हमेशा से सुर्खियों में रहा है। इस रेंज के कोदवा गोडान सर्किल में स्थित बहुचर्चित और विवादास्पद कक्ष क्रमांक 520 में मानसून की पहली बारिश के साथ ही वनभूमि पर कब्जे की कोशिशें फिर से शुरू हो गई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात दो बजे स्थानीय वन कर्मियों को सूचना मिली कि उक्त कक्ष में कुछ लोग 4 ट्रैक्टरों से वनभूमि की जुताई कर रहे हैं। सूचना पाकर आनन फानन में मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अवैध अतिक्रमण को रोकते हुए चारों ट्रैक्टर जब्त कर लिए और उन्हें स्थानीय वन विभाग परिसर में लाकर खड़ा कर दिया।

वन विभाग द्वारा इस संबंध में पी ओ आर क्रमांक 21683/12 दिनांक11.07.26 के माध्यम से अपराध दर्ज कर उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई। यहां बताना लाजिमी होगा कि आदतन अतिक्रमणकारियों ने न सिर्फ वनभूमि की जुताई की, बल्कि भू-जल संरक्षण के लिए बनाए गए कंटूर ट्रेंच को भी तहस-नहस कर दिया है। बताया जाता है गत वर्ष भी इनके द्वारा इसी वन भूमि पर बलात कब्जा किए जाने की कोशिशों को ग्रामीणों और वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से नाकाम करते हुए बेदखल किया गया था। ऐसे तत्वों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई नहीं होने से बढ़े हुए हौसले के साथ इनके द्वारा इस साल फिर से वहां फसल बोने की तैयारी की जा रही थी।

इसके लिए आरोपियों ने रात के अंधेरे को वनभूमि पर ट्रैक्टर के जरिए फसल बोने के लिए उपयुक्त माना। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी आरोपी समीपस्थ ग्राम माठपुर के रहने वाले हैं और जब्त किए गए ट्रैक्टरों में रामेश्वर पिता आत्माराम सोनालिका डीआई- 745, सीजी 09 जेएस 7308, आनंद कुमार पिता जगत जॉन डियर 5105, भागवत पिता काशीराम स्वराज 742 एक्सटी तथा जयप्रकाश पिता संतोष का क्यूबोटा एमयू 5502 ट्रैक्टर शामिल है।



**ले-दे कर मामला दबाने की कोशिश**

जानकारी मिली है कि ट्रैक्टर मालिक अब मामले को रफा-दफा कराने के लिए जुगाड़ लगा रहे हैं और छुटभैये राजनीतिक नेताओं से दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं स्थानीय ग्रामीणों और वन-पर्यावरण प्रेमियों ने मांग की है कि पकड़े गए ट्रैक्टरों को वन अधिनियम के तहत राजसात किया जाए, और दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो, ताकि आगे कोई वनभूमि पर कब्जा करने की हिम्मत न करे। ग्रामीणों ने राजनेताओं से ऐसे मामलों में अपराधियों को किसी तरह के संरक्षण न देने की अपील की है। अब देखना ये है कि वन विभाग के उच्चाधिकारी इस बहुचर्चित मामले में क्या कार्रवाई करते हैं।

# खेत में फांसी के फंदे पर लटका मिला शव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

ग्राम पंचायत नेऊरगांव खुर्द के आश्रित ग्राम खन्तीपारा में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां रहने वाले 70 वर्षीय वृद्ध शेर सिंह धुर्वे का शव शनिवार सुबह उनके ही खेत में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला।


इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, शेर सिंह धुर्वे शुक्रवार शाम लगभग 6 से 7 बजे के बीच अचानक घर से कहीं चले गए थे। जब वे देर रात तक घर वापस नहीं लौटे, तो चिंतित परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों में उनकी काफी खोजबीन की। लेकिन रातभर ढूंढने के बाद भी उनका कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका। शनिवार सुबह जब ग्रामीण और परिजन खेतों की तरफ गए, तो उन्होंने शेर सिंह का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ देखा। घटना की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी। परिजन समझ नहीं पा रहे है कि आखिर शेर सिंह ने आत्महत्या क्यों की।

**मामले की जांच में जुटी पुलिस**

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा कार्रवाई की। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। वृद्ध ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी अज्ञात है। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

# वनांचल में चोर सक्रिय कई दुकानों में बोला धावा

## ग्रामीणों में दिखाई दे रही अज्ञात चोरों की दहशत




- शिकायत के बाद भी चोरों तक नहीं पहुंच पा रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

पंडरिया के वनांचल स्थित कुकदूर थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदात सुनाई दे रही हैं। बीते कुछ दिनों में पोलमी, कामठी और कोदवा गोडान की कई दुकानों में हुई चोरी और चोरी की असफल कोशिशो से जहां व्यापारियों में दहशत है वहीं आम ग्रामीण भी काफी चिंतित हैं। अंचल के ग्राम पोलमी स्थित स्वागत च्वाइस सेंटर, कामठी में द्वारिका प्रसाद की किराना दुकान और उसके बाद कल रात कोदवागोडान के रघुनाथ किराना दुकान को निशाना बनाया गया।

जिसके बार पीड़ित दुकानदार ने अपने दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरा खंगाला। रघुनाथ किराना दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे में दिखाई दे रहा चोर किशोर उम्र का लग रहा है। कल की बीती एक ही रात में जहां चोर ने रघुनाथ किराना और शिवराम पान सेंटर में घुसकर चोरी की वहीं सोनू मोबाइल शॉप और राठौर कपड़ा दुकान में शटर के तालों को तोड़ने की कोशिश भी की गई।

इन वारदातों में चोरी का तरीका एक जैसा होने से माना जा रहा है कि इसके पीछे एक ही व्यक्ति अथवा गिरोह का हाथ हो सकता है जिस पर लगाम लगाना बहुत जरूरी है।

**सीसी टीवी बना अहम सुराग, वारदात कैद**

तीनों जगह लगे कैमरों में एक संदिग्ध की हरकतें कैद हुई हैं। दुकानदारों का कहना है कि फुटेज में दिखने वाला शख्स तीनों जगह एक जैसा ही लग रहा है। फिलहाल पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। लगातार चोरी से अंचल के दुकानदार सहमे हुए हैं। चोरी के डर से अब लोगों ने दुकानों में मजबूत ताले, शटर लॉक और नए सीसी टीवी लगवाने शुरू कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस से मुखबिरों के जरिए अपराधी प्रवृति वालों पर नजर रखने और अवैध रूप से बेचे जा रहे शराब पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाने के अलावा गश्त बढ़ाने और आरोपियों को जल्द पकड़ने की मांग की है। लोगों का मानना है कि ऐसा लगता है जैसे अंचल में चोर, पुलिस से आंख-मिचौली खेल रहे हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों और सीसी टीवी फुटेज के आधार पर जांच चल रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नकटी सहित छह गांवों की 1076 एकड़ जमीन बिल्डरों को सौंपने की तैयारी: मो.अकबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार अब नकटी गांव के विवाद को सुलझाने के बजाय वहां की जमीनों को लेकर एक अन्य विवाद की तैयारी में है।

शासकीय दस्तावेज स्पष्ट रूप से बताते हैं कि नकटी सहित सेरीखेड़ी, मंदिर हसौद, रमचंडी, बरौंदा और रीको की कुल 436.01 हेक्टेयर (करीब 1076 एकड़) भूमि को नगर विकास योजना के नाम पर निजी हाथों में सौंपने की तैयारी की जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि इस प्रस्तावित योजना में नकटी गांव की भी कुछ जमीनों को शामिल किया गया है।



सरकार स्पष्ट करें कि इस योजना में वह विवादित जमीन तो शामिल नहीं है जहां विध्वंश हुआ है। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा जारी निविदा के दस्तावेज बताते हैं कि चयनित एजेंसी को सड़क, जलापूर्ति, सीवरेज, विद्युत जैसी आधारभूत संरचनाएँ विकसित करने के बदले मिश्रित उपयोग (मिक्स यूज) भूमि के विकास और उसके विक्रय का अधिकार दिया जाएगा।

इसका मतलब ये है कि उक्त जमीनों को सीधे न बेचकर डेवलपर के माध्यम से बेचा जा रहा है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई 2026 है। नकटी गाँव की जमीन को लेकर विवाद बना हुआ है, प्रभावित परिवार न्याय की मांग कर रहे हैं और उनकी समस्याओं का समाधार अभी तक नहीं हुआ है। वर्तमान परिस्थितियों में ग्राम नकटी में विधवंश के बाद गाँव में तनावपूर्ण स्थिति है इसलिए जब तक पीड़ित परिवारों को न्यायपूर्ण और सर्वसम्मत हक नहीं मिल जाता तब तक सरकार की प्राथमिकता मान्य व्यवस्थापन ही होना चाहिए।

# बच्चों को कराया गया न्यौता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सेवानिवृत्त प्रधान पाठक राजेश श्रीवास्तव द्वारा शनिवार को शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला, कवर्धा के विद्यार्थियों के लिए स्नेह नेवता भोजन का आयोजन किया गया। यह आयोजन उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान अध्यापिका, शासकीय नवीन प्राथमिक शाला, शंकर नगर, कवर्धा की पावन स्मृति में किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को नियमित मध्यान्ह भोजन के साथ खीर, पूड़ी, केला, संतरा एवं सेब सहित स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन परोसे गए। बच्चों ने उत्साह और आनंद के साथ भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के प्रधान पाठक सीडी भट्ट का विशेष योगदान रहा।

उनके कुशल मार्गदर्शन एवं समन्वय से संपूर्ण आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाजसेवी देवसिंह सत्यवंशी एवं दुजराम भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए परिश्रम, अनुशासन और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा के साथ सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होनी चाहिए। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए समाज में सकारात्मक योगदान देने का संदेश दिया।

विद्यालय परिवार ने इस प्रेरणादायी सहयोग के लिए राजेश श्रीवास्तव के प्रति आभार व्यक्त किया। शिक्षकों ने कहा कि समाज के प्रबुद्ध नागरिकों की ऐसी सहभागिता से विद्यार्थियों में अपनत्व, सामाजिक संवेदनशीलता और विद्यालय के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। कार्यक्रम का समापन सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थित अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# यात्रा से लौटे लायन साथियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आनरेरी गवर्नर एमजेएफ लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल के निवास में शनिवार को इंटरनेशनल कन्वेंशन में भाग लेकर लौटे लायन साथियों लायन आनंदप्रकाश दानी, हरीश गांधी, बीआर चन्द्रवंशी, बद्री प्रसाद चन्द्रवंशी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। यह वार्षिक कन्वेंशन 3 से 6 जुलाई तक हांगकांग में आयोजित किया गया था। इसमें डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के 70 से अधिक लायन साथी सम्मिलित हुए थे। हो कि लायंस इंटरनेशनल की ओर से हर साल यह आयोजन रखा जाता है, जिसमें पूरे विश्व से आए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर्स को शपथ दिलाई जाती है। इसी में अगले सत्र के लिए अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव भी किया जाता है।

**डिप्टी सीएम श्री शर्मा की पहल पर जुलाई व अगस्त में लगेंगे 4 और शिविर**

# सहसपुर लोहारा में विशेष राजस्व शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर सहसपुर लोहारा तहसील में विशेष राजस्व समस्या निवारण शिविरों की श्रृंखला का शुभारंभ शनिवार को मंगल भवन, सहसपुर लोहारा में हुआ। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित पहले शिविर में राजस्व संबंधी मामलों के त्वरित निराकरण के लिए आमजन से आवेदन प्राप्त कर उनका मौके पर समाधान किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर आयोजित इन विशेष शिविरों का उद्देश्य राजस्व संबंधी समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, अभिलेख शुद्धता, त्रुटि सुधार तथा अन्य राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया को सरल, तेज और प्रभावी बनाया जा रहा है। साथ ही आवेदकों को आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जा सके। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त ऐसे सभी प्रकरण, जिनका तत्काल निराकरण संभव है, उनका मौके पर ही समाधान किया जाए। जिन मामलों में न्यायालयीन प्रक्रिया आवश्यक है, उनमें भी त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आवेदकों को पूरी प्रक्रिया की जानकारी और आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाए।

शिविर के दौरान सिंघनपुरी निवासी रामकुमार तथा पिरचाटोला निवासी खेमसिंह को मौके पर ही ऋण पुस्तिका प्रदान की गई। शिविर में जाति प्रमाण पत्र, अभिलेख सुधार, फौती नामांतरण, जन्म प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका, भू-अधिकार पट्टा, बिक्री नकल, राशन कार्ड तथा बिजली कनेक्शन सहित विभिन्न विषयों से संबंधित कुल 96 आवेदन प्राप्त हुए।

इनमें से 85 प्रकरणों का शिविर में ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष 11 प्रकरणों में न्यायालयीन प्रक्रिया प्रारंभ की गई।



**चार और विशेष शिविर होंगे आयोजित**

अपर कलेक्टर नरेंद्र पैंकरा ने बताया कि सहसपुर लोहारा तहसील में 21 जुलाई, 1 अगस्त, 11 अगस्त और 21 अगस्त को चार और विशेष राजस्व समस्या निवारण शिविर, मंगल भवन सहसपुर लोहारा में आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में अविवादित एवं विवादित नामांतरण-बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका वितरण, नक्शा अद्यतन एवं बटांकन, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, डिजिटल हस्ताक्षर, आधार एवं मोबाइल नंबर अद्यतन, अभिलेख शुद्धता, त्रुटि सुधार, व्यपवर्तन, स्वामित्व योजना सहित सभी प्रकार के राजस्व प्रकरणों के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाएगा।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल कवर्धा में प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, कचहरी पारा, कवर्धा में शनिवार को नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं शाला विकास समिति की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक, माला पहनाकर एवं पुस्तक भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान अंग्रेजी माध्यम की कक्षा पहली एवं नवमी के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का विशेष स्वागत किया गया। वहीं हिंदी माध्यम की कक्षा नवमी एवं दसवीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई कि छात्राओं को शीघ्र ही शासन की योजना के तहत निःशुल्क साइकिल भी प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती ऊषा ठावरे के स्वागत उद्बोधन से हुई। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद मनोज गुप्ता, शंभू देवांगन, सोनू उपाध्याय, हरीश कुंभकार तथा शिक्षाविद् डॉ. अतुल देव वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पार्षद मनोज गुप्ता ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास में निरंतर सहयोग का भरोसा दिलाते हुए नवनिर्मित विद्यालय भवन के लिए तत्काल एक वाटर कूलर उपलब्ध कराने की घोषणा की।

## सार समाचार

### ठा.प्यारेलाल स्कूल के चंदन बने शाला नायक

**राजनांदगांव।** स्थानीय ठाकुर प्यारेलाल सिंह न.पा.नि.उ.मा. विद्यालय राजनांदगांव में सत्र 2026-27 के लिए शाला के पदाधिकारियों का



मनोनयन शाला प्रावीण्य सूची के आधार पर किया गया। जिसमें शाला नायक चंदन जागड़े कक्षा 12वीं वाण्जिय संकाय, उप शाला नायक हेमलता साहू 11वीं वाण्जिय संकाय, अध्यक्ष विज्ञान समिति प्रेरणा वर्मा 12वीं गणित संकाय, अध्यक्ष साहित्य समिति सारिका कंवर 12वीं कला संकाय, अध्यक्ष क्रीड़ा समिति मीनाक्षी 12वीं कला संकाय, अध्यक्ष वाणिज्य समिति संध्या वर्मा 12वीं वाणिज्य संकाय एवं छात्रा प्रतिनिधि ओशी रामटेके 12वीं गणित संकाय शामिल हैं। शाला के पदाधिकारियों को प्राचार्य आरएस बघेल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा शाला नायक को कमान सौंपा। उक्त जानकारी विद्यालय के पीआरओ एवं वरिष्ठ अध्यापक एसके भालाधरे एवं प्राचार्य आरएस बघेल ने दी।

### भ्रष्टाचार के मास्टर माइंडों पर हो एफआईआर

**राजनांदगांव।** शहर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री व पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने जारी विज्ञप्ति में 26 करोड़ के पुलों के गुणवत्ताहीन निर्माण और भ्रष्टाचार



के मास्टर माइंडों पर एफआईआर की मांग की। पूर्व पार्षद श्री ओस्तवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्वनी से मांग की है कि छग राज्य के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ रेल मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज की एप्रोच रोड़ जिसका लोकार्पण लगभग 15 दिन पूर्व ही हुआ है और गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते ग्राम मुसरा, आलीवारा और धनगांव की रेलवे ओवरब्रिज जिसकी लागत लगभग 22 से 26 करोड़ रुपयों की लागत से निर्माण कार्य मुंबई की विजय इंफ्रा ठेकेदार द्वारा कार्य किया जा रहा था, तीनों ओवरब्रिज में जो दरारें इतनी बड़ी मात्रा में आना स्वमेव भ्रष्टाचार को प्रमाणित कर रहा है।

### एनबीआईएस बोरी में ओरिएंटेशन सेरेमनी आयोजित

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नव-प्रवेशित छात्रों तथा पालकों के लिए ओरिएंटेशन सेरेमनी



का आयोजन किया गया। सेरेमनी की शुरूआत संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र में दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गया। सेरेमनी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य संस्था के शैक्षणिक तथा शाला में सालभर होने वाली समस्त गतिविधियों की जानकारी से पालकों व छात्रों को अवगत कराना है।

शाला की समस्त गतिविधियों में सभी बच्चों की सहभागिता अनिवार्य है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास शाला परिवार द्वारा सुनिश्चित कर सकें। समारोह में विषय अनुसार होने वाले टेस्ट परीक्षा की जानकारी दी गई। शाला में आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ओलंपियाड से सभी का परिचय कराया गया। शारीरिक विकास हेतु शाला प्रांगण में बास्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, क्रिकेट पिच, रनिंग ट्रैक के साथ ही इंडोर खेलों की जानकारी दी गई है। स्पेशल चाइल्ड की शिक्षा के लिए भी शाला में विशेषज्ञ नियुक्त हैं, जो बच्चों को समय-समय पर मार्गदर्शित करते हैं।

### जिले में अब तक 1765.1 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2026 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 1765.1 मिमी बारिश एवं औसत 252.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 285.9 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 291 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 341.7 मिमी, घुमका तहसील में 125 मिमी, छुरिया तहसील में 204.8 मिमी, कुमरदा तहसील में 283.7 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 233 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 341.7 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह शुक्रवार को राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 25.4 मिमी एवं औसत 3.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। राजनांदगांव तहसील में 4.4 मिमी, घुमका तहसील में 1 मिमी, कुमरदा तहसील में 18 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा कुमरदा तहसील में 18 मिमी दर्ज की गई है।

### परिवारजनों एवं घायल पीड़ितों को अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आर्थिक सहायता आयोजनेत्तर मद से सड़क दुर्घटना में मृतक व्यक्तियों के परिवारजनों एवं घायल पीड़ित व्यक्तियों को 10 लाख रुपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया, डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत सड़क दुर्घटना में मृतक व्यक्ति के परिवारजनों को 25 हजार रुपए एवं गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व तहसीलदार को आबंटित 2.50-2.50 लाख रुपए पुर्नबंटित किया गया है।

### रोजगार मेला में 17 को मिला नियुक्ति पत्र

**राजनांदगांव।** जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ परिसर में किया गया। उप संचालक रोजगार विष्णु कुमार केडिया ने बताया कि रोजगार मेला में विभिन्न नियोजकों द्वारा 327 आवेदकों का साक्षात्कार लिया गया। नियोजकों द्वारा प्रारंभिक स्तर पर विभिन्न पदों के लिए 105 आवेदकों का चयन किया गया। साथ ही मेला स्थल पर 17 आवेदकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। अन्य आवेदकों की चयन प्रक्रिया जारी है। आवेदकों को रोजगार पोर्टल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। आगामी रोजगार मेला का आयोजन 5 अगस्त 2026 को किया जाएगा।

### शराब बिक्री, आरोपी पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** गांव के कचरा शेड के पास अवैध रूप से महाराष्ट्र निर्मित शराब रखकर बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 10 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम जोशीलमती में एक व्यक्ति कचरा शेड के पास अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। पुलिस ने विधिवत कार्रवाई करते मौके पर आरोपी को गिरफ्तार कर जुर्म अजमानतीय होने से न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर नाकाबंदी रेड कार्रवाई कर आरोपी विनय कोल्हे 23 साल ग्राम जोशीलमती के पास से कुल 35 नग पौवा शीशी देशी दारू प्रीमियम डीलक्स सुपर संत्रा महाराष्ट्र निर्मित प्रत्येक पौवा में 180 एमएल भरी हुई सीलबंद कीमती 3150 रुपए एवं शराब बिक्री रकम 2000 रुपए को जब्त किया।

## निधन



### कौशल्यादेवी राठी

**डोंगरगढ़।** खंडूपारा निवासी श्रीमती कौशल्यादेवी राठी का 11 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल 12 जुलाई को सुबह 10 बजे निवास स्थान से छिरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

# अवैध खाद फैक्ट्री में दबिश, 2485 बोरी उर्वरक व सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देशानुसार जिले में नकली, अवमानक तथा बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के उर्वरक एवं जैविक खाद का निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर जानकारी एकत्रित की जा रही है तथा नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कृषि विभाग, जिला राजनांदगांव के उड़नदस्ता दल ने विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम कातलवाही स्थित किसान मित्र स्वस्तिक ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड में छापेमार कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान संबंधित इकाई आवश्यक वैधानिक अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) एवं अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सकी।

यह कार्रवाई जिला स्तरीय उर्वरक निरीक्षक एवं सहायक संचालक कृषि डॉ. बिरेंद्र अनंत के नेतृत्व में संपन्न की गई। उड़नदस्ता दल में विकासखंड स्तरीय उर्वरक निरीक्षक जीवन्तलाल चंद्रवंशी, सुनील शर्मा तथा दल के अन्य सदस्य शामिल थे। कलेक्टर जितेंद्र यादव ने कहा कि किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## डोंगरगढ़ में कृषि विभाग के उड़नदस्ते ने की कार्रवाई

### अवैध फैक्ट्री सील

छापेमारी के दौरान परिसर से विभिन्न प्रकार की उर्वरक एवं कच्ची सामग्री की कुल 2,485 बोरी जब्त कर नियमानुसार पंचनामा तैयार किया गया। जब्त सामग्री में प्रोम (स्वस्तिक ऑर्गेनिक) 1,512 बोरी, बायोचार 62 बोरी, प्रिज्म चैंपियन 375 बोरी, पीवीसी एसजी 35 बोरी, सुपर ग्रेड-1 (ह्यूमेट 98 प्रतिशत) 14 बोरी, ह्यूमिक एसिड 19 बोरी, कंपोस्ट पाउडर 40 बोरी, व्हाइट क्ले (बेंटोनाइट) 40 बोरी, रॉक फॉस्फेट 40 बोरी, बायो एनपीके 8 बोरी तथा कुबेर बायो प्रोम 340 बोरी शामिल हैं।




### लैब भेजे गए नमूने

जब्त सामग्री के नमूने नियमानुसार परीक्षण हेतु सुरक्षित किए गए हैं। फैक्ट्री से संबंधित उत्पादन, भंडारण एवं अन्य अभिलेखों की भी जांच की जा रही है। प्रयोगशाला परीक्षण एवं जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 तथा अन्य लागू विधिक प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## बाटगांव में 4 हजार पौधों का रोपण

# वृक्षारोपण आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर : रमन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शनिवार को ग्राम बाटगांव में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आयोजित वनमहोत्सव, वृक्षारोपण एवं निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने अपनी माता स्व. श्रीमती सुधादेवी सिंह के नाम फलदार पौधे का रोपण किया। उन्होंने ग्राम बाटगांव में लगाए गए 4 हजार पौधों के संरक्षण के लिए सोलर पंप सहित बोरवेल की स्थापना तथा वृक्षारोपण स्थल को बच्चों के लिए बाल उद्यान के रूप में विकसित करने हेतु 10 लाख रुपए की सामग्री उपलब्ध कराने की घोषणा की।

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते कहा कि पौधरोपण का कार्य पावन और अच्छा कार्य है। वनमंडलाधिकारी आयुष जैन द्वारा कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर योगेश दत्त मिश्रा, सचिन बघेल, प्रतिमा चंद्राकर, पूर्णिमा साहू, किरण साहू, रोहिण सिन्हा, देवकुमार साहू, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, आशा यदु, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, सौरभ कोठारी, राजेश श्यामकर, नरेन्द्र वर्मा, नबीस साहू, जनक साहू, किरण बारले, जितेन्द्र यादव, अंकिता शर्मा, सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




### पौधरोपण पुण्य का कार्य

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि पौधरोपण का कार्य पुण्य का कार्य है। वृक्ष जीवन का आधार है और हम सभी को पौधरोपण करने के साथ ही पौधों का संरक्षण करना चाहिए। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु में जिले का तापमान 47 डिग्री तक पहुंच गया था, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बाटगांव में 1400 पौधरोपण किया गया था और सभी पौधे संरक्षित है, जो सराहना का विषय है।

### उपलब्ध कराई जाएगी राशि

उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में 30 से 50 एकड़ क्षेत्र में व्यापक वृक्षारोपण किया जाएगा, वहां भी बाल उद्यान विकसित करने आवश्यक राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी अपनी मां के नाम पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों तथा चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने एवं पौधरोपण के लिए निःशुल्क पौधा वितरण वाहन को हरी झंडी दिखाई।

### ग्रामवासियों की सराहना

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ग्राम बाटगांव की सरपंच आशा यदु और ग्रामवासियों की सराहना करते कहा कि सामूहिक जनभागीदारी से किया गया वृक्षारोपण आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर बनेगा। उन्होंने कहा कि आज लगाए गए आम, कटहल, आंवला, नींबू, पीपल एवं बरगद जैसे पौधे भविष्य में घने वृक्षों का रूप लेकर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों को भी लाभ पहुंचाएंगे।

# दुष्कर्म कर दी धमकी आरोपी गिरफ्तार

- लालबाग पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पीड़िता से दुष्कर्म कर धमकी दिए जाने के मामले की जांच कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थिया द्वारा थाना लालबाग में लिखित शिकायत प्रस्तुत कर आरोप लगाया गया कि आरोपी रमेश साहू 48 वर्ष निवासी पेंड्री ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया तथा घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने एवं गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। प्राप्त शिकायत के आधार पर थाना लालबाग में धारा 64, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया।

पुलिस के अनुसार इस मामले में थाना लालबाग पुलिस द्वारा मामले में त्वरित विवेचना कार्रवाई करते आरोपी रमेश साहू का पता तलाश कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी द्वारा अपना अपराध स्वीकार करने पर मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करते आरोपी को 11 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# जिले के 150 विवेचकों को एसपी के हाथों स्मार्ट फोन का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी एवं तकनीक आधारित क्रियान्वयन को गति प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा उपलब्ध कराए गए स्मार्ट मोबाइल आज पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा जिले के 150 विवेचकों को वितरित किए गए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने कहा कि नवीन आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद विवेचना प्रक्रिया में तकनीक का महत्व और अधिक बढ़ गया है। घटनास्थल से डिजिटल साक्ष्य संकलन, फोटो एवं वीडियो दस्तावेजीकरण, ऑनलाइन रिपोर्टिंग, विभिन्न पुलिस एप्लीकेशन के उपयोग तथा त्वरित सूचना आदान-प्रदान के माध्यम से विवेचना को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध बनाया जा सकता है। इन स्मार्ट मोबाइलों के माध्यम से विवेचक नवीन तकनीकों का उपयोग करते गुणवत्तापूर्ण एवं वैज्ञानिक विवेचना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी विवेचकों को निर्देशित किया कि प्रदत्त मोबाइल का उपयोग केवल शासकीय कार्यों में करें तथा नवीन कानूनों के अनुरूप विवेचना की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाते आमजन को त्वरित एवं प्रभावी न्याय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने उत्कृष्ट विवेचना, डिजिटल साक्ष्यों के समुचित संकलन तथा तकनीक के अधिकतम उपयोग पर विशेष बल दिया।

### उपयोगी साबित होंगे स्मार्टफोन

कार्यक्रम में उपस्थित नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन व उप पुलिस अधीक्षक केपी मरकाम तथा सभी विवेचकों ने पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ एवं पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि यह स्मार्ट मोबाइल नवीन कानूनों के अनुरूप विवेचना कार्य को अधिक सरल, तेज एवं प्रभावी बनाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे तथा इससे शासकीय कार्यों के निष्पादन में उल्लेखनीय सुविधा प्राप्त होगी।

